# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–220 । सागर, शुक्रवार, 29 सितंबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



सफाईकर्मी हड़ताल पर, चहुंओर फैली गंदगी पृष्ठ 3

▪ चौपड़ के पासों पर राजस्थानी मतदाताओं की निगाहें
▪ विफलता की कहानी है मोदी के 'मेक इन इंडिया' के दस साल पृष्ठ 4

▪ जिला प्रशासन ने भटगौरा मामले के बाद भी नहीं लिया सबक पृष्ठ 6

जिला चिकित्सालय में बनेगा 50 बिस्तर नया वार्ड पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### सड़क निर्माण में होगा शहरी कचरे का इस्तेमाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नगरों और महानगरों के कूड़े-कचरे को सड़क निर्माण में इस्तेमाल करने की जरूत पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और इसमें शहरी कचरे का इस्तेमाल किया जाएगा। श्री गडकरी ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2070 तक देश को कार्बन तटस्थ बनाने का सपना है और उनके इस दृष्टिकोण को हासिल करने के लिए सड़क निर्माण क्षेत्र में हरित गतिविधियों की पहल की जाएगी।

### उत्तरी सेना के कमांडर ने अग्रिम चौकियों का दौरा किया

**श्रीनगर, एजेंसी।** उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने गुरुवार को सियाचिन लद्दाख में अग्रिम इलाकों का दौरा किया और ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल लेफ्टिनेंट जनरल रशीम बाली और सियाचिन ब्रिगेड के कमांडर के साथ, सेना कमांडर ने दुर्गम इलाके के बावजूद युद्ध की तैयारी के उत्कृष्ट मानकों के लिए सेक्टर में तैनात सैनिकों की सराहना की।

### कोटा में एक और छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोटा, एजेंसी।** राजस्थान के कोटा में रहकर नीट की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कोटा में किसी कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने की इस साल की यह 27 वीं और इस महीने की तीसरी घटना है। हालांकि यह छात्र किसी कोचिंग संस्थान का छात्र नहीं था, बल्कि अपने स्तर पर पढ़ाई कर नीट में प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उत्तर प्रदेश के महाराजगंज का रहने वाला छात्र तनवीर (20) पिछले डेढ़ साल से कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था।

### नक्सलियों के ब्लास्ट में जवान शहीद, कई अन्य घायल

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के चाईबासा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के एक जवान के शहीद होने और कई अन्य के घायल होने की सूचना आ रही है। इनमें से गंभीर रूप से जख्मी तीन जवानों को एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए रांची लाया जा रहा है। घटना पश्चिमी सिंहभूम जिले के अति नक्सल प्रभावित टोंटो थाना क्षेत्र के सरजमबुरू और तुंबाहाका गांव के पास के पहाड़ी के पास हुई है। पिछले 50 दिनों के भीतर इस जिले में नक्सलियों द्वारा किए गए बारूदी सुरंग विस्फोट में तीन जवानों सहित चार लोगों की मौत हुई है। बताया गया कि सीआरपीएफ कोबरा के 209 नंबर बटालियन के जवान नक्सलियों के खिलाफ कॉम्बिंग ऑपरेशन पर निकले थे। इसी दौरान पहाड़ी के पास आईईडी का जोरदार ब्लास्ट हो गया। करीब आधा दर्जन जवान हवा में फुटबॉल की तरह उड़ गए। एक जवान के दोनों पांव उड़ गए हैं। घायलों में इंस्पेक्टर भूपेंद्र कुमार और कांस्टेबल राजेश कुमार भी शामिल हैं।

### अतिपिछड़ा सम्मेलन बना नेताओं का अखाड़ा, जमकर चले लात-घूंसे

**मोतिहारी, एजेंसी।** बिहार के पूर्वी चंपारण राजद अतिपिछड़ा सम्मेलन नेताओं के लिए आखाड़ा बन गया। इस दौरान जमकर लात-घूंसे चले। पूर्वी चंपारण राजद अतिपिछड़ा सम्मेलन राजाबाजार स्थित बापू सभागार में आयोजित किया गया। सम्मेलन के बतौर मुख्य अतिथि राजद नेता और पूर्व मंत्री श्याम रजक उपस्थित थे और इनके सामने ही राजद नेता आपस में उलझ गए। बताया जाता है कि राजद के जिलाध्यक्ष व कल्याणपुर विधायक मनोज यादव ने भी जमकर अपना गुस्सा निकाला और कई लोगों की पिटाई की। हंगामा व मारपीट के कारण हॉल के अंदर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। मंच पर बैठने को लेकर शुरु हुआ विवाद हंगामा और मारपीट में बदल गया। दरअसल, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के आने के पूर्व पटना से कुछ नेता पहुंच चुके थे। श्याम रजक के साथ मंच पर कुछ स्थानीय नेताओं को मंच पर बैठाया जा रहा था कि मोतिहारी के पूर्व लोकसभा प्रभारी विनोद श्रीवास्तव अपने समर्थकों के साथ पहुंच गए। उन्हें मंच पर पीछे की पंक्ति में जगह दिया गया, जिसका विरोध उनके कुछ समर्थक करने लगे। इसके बाद उनको आगे की पंक्ति में बैठाया गया।

### पंजाब में किसान संगठनों का रेल रोको आंदोलन शुरू

# 25 ट्रेनें प्रभावित, यात्री स्टेशनों पर फंसे



**जालंधर, एजेंसी।** पंजाब के 19 किसान-मजदूर संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर आज से 30 सितंबर तक रेल रोको आंदोलन शुरू कर दिया है। किसान पंजाब भर में रेलवे लाइनों पर बैठ गए हैं। रेलवे ट्रैक जाम होने के बाद दिल्ली से अमृतसर, पठानकोट से अमृतसर और पंजाब से चंडीगढ़ के रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों का चक्का जाम हो गया है। ट्रेनों का चक्का जाम होने के कारण सैकड़ों यात्री पंजाब के रेलवे स्टेशनों पर फंस गए हैं। गुरुवार सुबह ही किसान बड़ी गिनती में रेलवे लाइनों के पास इकट्ठा होना शुरू हो गए थे। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने बताया कि किसान तीन दिन की पूरी तैयारी के साथ आए हैं। खाने-पीने व बैठने का पूरा इंतजाम हो चुका है और ट्रॉलियों में सोने के लिए गद्दे भी किसान साथ लेकर आए हैं। 19 जत्थेबंदियों ने 17 जगहों पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है। इसमें मोगा रेलवे स्टेशन, अजीतवाल व डगरू, होशियारपुर, गुरदासपुर व डेरा बाबा नानक, जालंधर कैंट, तरनतारन, संगरूर के सुनाम, पटियाला के नाभा, फिरोजपुर के बसती टैंकां वाली व मल्लांवाला, बठिंडा के रामपुरा फूल, अमृतसर के देवीदासपुरा व मजीठा, फाजिल्का, मलेरकोटला के अहमदगढ़ में यह प्रदर्शन अगले तीन दिन तक जारी रहेगा।

#### हरियाणा के किसानों का मिला समर्थन

वहीं, हरियाणा के किसान नेता भी पंजाब के समर्थन में आ गए हैं। हरियाणा किसान नेताओं का कहना है कि हरियाणा में पैदल यात्रा पहले से चल रही है। अगर पंजाब में किसानों के साथ अन्याय हुआ या पुलिस ने कोई जोर-जबरदस्ती करने की कोशिश की तो हरियाणा के किसान भी पंजाब की तरफ कूच कर लेंगे। इसके बाद बड़ी गिनती में आंदोलन शुरू हो जाएगा।

#### प्रति एकड़ 50 हजार मिले मुआवजा

किसानों का कहना है कि बाढ़ और बरसात से फसलों का भारी नुकसान हुआ है। बहुत सारे किसानों की न तो अभी तक गिरदावरी हुई है और न ही उन्हें मुआवजा मिला है। जिन्हें मिला भी है, वह बहुत कम है। किसान संगठनों का कहना है कि कम से कम प्रति एकड़ 50 हजार रुपए मुआवजा किसानों को दिया जाए। साथ ही केंद्र सरकार भी बाढ़ से हुए नुकसान के लिए 50 हजार करोड़ रुपए पंजाब को दे।

## हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन का निधन

- महान वैज्ञानिक ने 98 वर्ष की आयु में ली आखिरी सांस
- चावल और गेहूं के उत्पादन में भारी वृद्धि का मार्ग



**चेन्नई, एजेंसी।** देश में हरित क्रांति के जनक महान वैज्ञानिक डॉ. एम एस स्वामीनाथन का गुरुवार को तमिलनाडु के चेन्नई में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 98 वर्ष के थे और लंबे समय से वृद्धावस्थाजनित रोगों से पीड़ित थे। एम एस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन के सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि महान कृषि वैज्ञानिक का काफी समय से उम्र संबंधी बीमारी का इलाज किया जा रहा था। उनके परिवार में तीन बेटियां हैं। डॉ. स्वामीनाथन ने देश में धान की फसल को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाई थी। हरित क्रांति एक ऐसा कार्यक्रम था, जिसने रासायनिक-जैविक प्रौद्योगिकी के अनुकूलन के माध्यम से चावल और गेहूं के उत्पादन में भारी वृद्धि का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने धान की अधिक उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में बड़ा योगदान दिया था। इस पहल के चलते पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों को काफी मदद मिली थी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई प्रमुख पदों पर सेवा दी थी। वह भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक (1961-1972), आईसीआर के महानिदेशक और कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव (1972-79), कृषि मंत्रालय के प्रधान सचिव (1979-80) के पद पर सेवाएं दीं। डॉ. स्वामीनाथन को 1987 में प्रथम खाद्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से भी नवाजा गया था।

## एशियाई खेल : निशानेबाजी में भारत ने जीता चौथा स्वर्ण पदक



**हांगझोउ, एजेंसी।** भारत के सरबजोत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की तिकड़ी ने पुरूष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने निशानेबाजी स्पर्धा में गुरुवार को चौथा पदक जीता। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत ने अब तक चार स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पदकों की संख्या 13 हो गई है। इससे पहले 2006 में दोहा में भारत के निशानेबाजों ने तीन स्वर्ण पदक सहित कुल 14 पदक अपने नाम किए थे।

## भारत में तेजी से बढ़ रही बुजुर्गों की आबादी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत आने वाले दशकों में तेजी से वृद्ध होते समाज में बदल जाएगा। 2050 तक हर पांच में से एक शख्स बुजुर्ग होगा। सदी के अंत में कुल आबादी में 36 फीसदी वृद्ध होंगे, जो अभी महज 10.1 फीसदी हैं। देश में बुजुर्गों की आबादी बढ़ने का सिलसिला 2010 से शुरू हुआ है। मौजूदा चलन के मुताबिक तकरीबन 15 साल में 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के नागरिकों की संख्या दोगुनी हो रही है। भारतीय आबादी के बुजुर्ग होने से आने वाली समस्याओं और उनके निदान व समाधान को ध्यान में रखकर संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष व भारत इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पापुलेशन साइंसेज ने बुधवार को इंडिया एजिंग रिपोर्ट, 2023 जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ही नहीं, पूरी दुनिया की आबादी बूढ़ी हो रही है। वैश्विक स्तर पर बात की जाए, तो 2022 में 7.9 अरब की आबादी में से करीब 1.1 अरब लोग 60 वर्ष से अधिक उम्र के थे। यह आबादी का करीब 13.9 फीसदी हिस्सा है। 2050 तक वैश्विक आबादी में बुजुर्गों की तादाद बढ़कर करीब 2.2 अरब (22 फीसदी) के करीब पहुंच जाएगी।

## भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक रविवार को

**मप्र, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के उम्मीदवारों पर लग सकती है मुहर**


**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में रविवार को भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की अगली बैठक हो सकती है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, रविवार शाम को होने वाली इस बैठक में भाजपा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगा सकती है। भाजपा मध्य प्रदेश के लिए अब तक उम्मीदवारों की तीन लिस्ट जारी कर चुकी है, जिसमें कुल मिलाकर पार्टी अब तक अपने 79 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है। वहीं, छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा ने अब तक उम्मीदवारों की एक ही लिस्ट जारी की है ।

## बिधूडी व दानिश मामले की जांच करेगी विशेषाधिकार समिति

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद में बसपा सांसद दानिश अली पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी भाजपा सांसद रमेश बिधूडी को पार्टी ने राजस्थान चुनाव में अहम जिम्मेदारी देकर एक तरह से क्लीनचिट दे दिया है। जिस पर विपक्ष उखडा हुआ है। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि बिधुडी और दानिश अली मामले की जांच विशेषाधिकार समिति करेगी। इसके बाद यह पता चल जाएगा कि दोषी कौन है।

उल्लेखनीय है कि विपक्षी सांसदों की सिफारिश पर मामला विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया है। समिति मामले की तह में जाकर पता लगाएगी कि दोषी कौन है। बतादें कि कल ही भाजपा नेतृत्व दृवारा बिधूडी को राजस्थान के टोंक जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया था। इस खबर के बाद भडके दानिश अली ने कहाकि भाजपा के इस फैसले ने उसका चाल,चरित्र और चेहरा स्पष्ट कर दिया है। यह कोई हैरान करने वाला फैसला नहीं है,बल्कि भाजपा से यही अपेक्षा थी। बतादें कि इससे पहले एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने कहा थाकि भाजपा अब बिधूडी को दिल्ली प्रदेश का अध्यक्ष बना देगी।

कुछ हद तक ओवैसी का बयान सच भी साबित हुआ प्रदेश अध्यक्ष तो नहीं लेकिन बिधूडी को इनाम मिला और राजस्थान चुनाव में उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मा सौंप दिया गया। हालांकि इस मामले में भाजपा ने बिधुडी को नोटिस जारी कर 15 दिनों में जवाब मांगा है। लेकिन उनकी इस नई नियुक्ति के बाद माना जा रहा है कि है पार्टी ने उन्हें पहले ही क्लीनचिट दे दी है।

# गणपति बप्पा मोरिया अगले बर्ष तू जल्दी आ
## हवन-पूजन के बाद गणपति बप्पा को भक्तों ने दी विदाई



**मालथौन, देशबन्धु।** अंनत चतुर्दर्शी को श्री गणेश उत्सव भक्तिभाव पूर्वक समापन हुआ। विगत दस दिनों से नगर में गणेश उत्सव की धूम रही है। अंतिम दिन गणेश पंडालो और घरो में हवन पूजन कर विदाई दी गई। नगर में अनेक जगह विराजमान पंडालो से झांकियो को वाहनों में सवार कर ढोल नगाड़ो के साथ धूम धाम से चल समारोह निकले। नगर के तालाब और गौधाम में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए घाट स्थानों पर व्यवस्था रही। वहां नोका, ट्यूब और नप कर्मचारियों को तैनात किया गया हैं। वहा मौजूद प्रशासनिक अमला द्वारा सुविधा के साथ तालाब और गौधाम में झांकियो का विसर्जन विधि विधान से कराया गया है। गुरुवार दोपहर से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन का दौर शुरू हो गया देर रात तक विसर्जन के लिए प्रतिमाओं पहुचने का दौर चलता रहा है। गणेश उत्सव समिति और घरो से श्रृद्धालु वाहनों में झांकियो को सजाकर विसर्जन स्थानों पर पहुचकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर विदाई दी, इस दौरान श्रृद्धालु जय गणेश और अगले बर्ष तू जल्दी आना गणपति बप्पा के जयकारों लगाते नगर मुख्य मार्गो से निकले। विसर्जन स्थानों पर नगर परिषद का अमला समेत पुलिस मौजूद रही।

# गुणवत्ता विहीन कार्य एवं समय पर कार्य न करने वाली एजेंसी को तत्काल बर्खास्त करें: कलेक्टर

**सागर, देशबन्धु।** गुणवत्ताहीन कार्य एवं समय पर कार्य न करने वाली एजेंसी को तत्काल टर्मिनेट करें एवं सड़कों का रि.रेस्टोरेशन गुणवत्ता के साथ करें। उक्त निर्देश कलेक्टर दीपक आर्य ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए। इस अवसर पर जल जीवन मिशन के समस्त अधिकारी एवं पीएचई के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में जो भी कार्य चल रहे हैं और जो कार्य गुणवत्ताहीन एवं समय सीमा में पूर्ण नहीं किया जा रहे हैं। उन कंपनी एजेंसी को तत्काल टर्मिनेट करें एवं नया टेंडर जारी कर कार्य को शीघ्र गति से पूर्ण करने की कार्रवाई करें। कोई भी परियोजना एवं जल जीवन मिशन के कार्य जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की रिपोर्ट के बाद ही हैंडओवर किया जायें। सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लगातार कार्यों की मानीटिंग करें एवं प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने गढ़ाकोटा समूह जल प्रदाय योजना की एजेंसी को तत्काल टर्मिनेट करने के निर्देश दिए। दो दिवस में नया टेंडर लगाने की लिए आदेश किया। जिससे यह कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जा सके। इसी प्रकार उन्होंने बक्सवाहा समूह जल प्रदाय योजना की एजेंसी पर पैनल्टी लगाने की निर्देश दिए। मडिया जल समूह प्रदाय योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का लोकार्पण शीघ्र ही किया जाएगा। सभी कार्य के पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि शाहगढ़-बंडा समूह जल प्रदाय योजनाए बीना-खुरई समूह जलप्रदाय योजना, मालथौन समूह जलप्रदाय योजना, सनौदा मडिया समूह जलप्रदाय योजना, देवरी-केसली समूह जयप्रदाय योजना, सानौदा-बंडा समूह जलप्रदाय योजना की प्रगति की भी समीक्षा की एवं निर्देश दिए की सभी कार्य समय सीमा में किया जावे। उन्होंने प्रस्तावित कोपरा जल समूह जलप्रदाय योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इस योजना के अंतर्गत 106 ग्राम में पानी पहुंचेगा। इसका कार्य तत्काल प्रारंभ किया जावे। कलेक्टर ने कहा कि बक्सवाहा समूह जलप्रदाय योजना के अंतर्गत 38400 घरेलू नल कनेक्शन किया जाना है जिसमें से अभी तक 34954 नल कनेक्शन किये जा चुके हैं, शेष शीघ्रता से करें। इसी प्रकार मडिया जल समूह जलप्रदाय योजना में 32000 नल कनेक्शन किए जा रहे हैं गढ़ाकोटा समूह जलप्रधाय योजना में 20819 घरेलू नल कनेक्शन किया जा रहे हैं।

## सार-समाचार

### विधि विधान से हुआ गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन



**राहतगढ़, देशबन्धु।** नगर एवं क्षेत्र में दस दिनों तक चले गणेश उत्सव का गुरुवार को हवन पूजन के साथ समापन हो गया। अनंत चतुर्दशी पर दस दिनों तक विराजमान गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन उत्सव समितियो द्वारा गाजे बाजे के साथ विधिविधान एवं भक्तिभाव से बीना नदी बनेनीघाट पर किया गया। नगर के लोगों ने भगवान गणेश प्रतिमाओं की आरती जगह-जगह उतारी। इस दौरान श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ गणेश प्रतिमाओं को विसर्जित करने जा रहे थे। गणेश प्रतिमा विसर्जन का सिलसिला दोपहर से ही शुरु हो गया था जो देर रात तक चला। इस दौरान जगह-जगह सुरक्षा, व्यवस्था चाक-चौबंद रही। इस दौरान एसडीएम अशोक सेन, एसडीओपी योगेंद्र सिंह, तहसीलदार निर्मल सिंह राठौर, थाना प्रभारी रामू प्रजापति, सीएमओ आरसी अहिरवार आदि अधिकारी कर्मचारी पूरी तरह मुस्तैद रहे।

### भक्तों ने धूमधाम से किया भगवान श्री गणेश का विसर्जन



**शाहगढ़, देशबन्धु।** गुरूवार को नगर व क्षेत्र के चौक-चौराहों गांव के मोहल्ला और घरों में विराजित भगवान श्री गणेश को बड़े धूमधाम से भक्तों के द्वारा शोभायात्रा निकालकर पवित्र नदियों में विसर्जित किया गया। एकादशी के अवसर पर बीते 10 दिनों से विराजित भगवान श्री गणेश की विधि विधान से पूजा अर्चना आरती कर उनके लिए सजाए गए पालकी, वाहनों में उनकी शोभायात्रा निकालकर उन्हें पवित्र नदियों की ओर ले जाया गया। जहां उनसे मनोकामना मांग कर अगले बरस जल्दी आने की प्रार्थना करते हुए उन्हें विसर्जित किया गया। यात्रा के दौरान भक्त ढोल नगाड़ों की धून पर रंग गुलाल खेलते नाचते गाते नजर आए। भगवान को बड़े उत्साह और भावभीनी आंसू के साथ में विदाई दी गई एवं सुख समृद्धि की कामना की गई। जानकारी अनुसार हर वर्ष भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को अनंत चतुर्दशी मनाई जाती है। इस दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा उपासना की जाती है। इस दिन गणेश विसर्जन भी किया जाता है।

# भगवान वासुपूज्य का निर्वाण कल्याणक महोत्सव मनाया

### पर्युषण महापर्व सआनंद संपन्न, निकला भव्य जलूस



**मालथौन, देशबन्धु।** पर्वराज पर्यषण पर्व दस धर्मो की आराधना बड़ी भक्ति भावपूर्वक दस दिनों तक पूजा अर्चना सांनद संपन्न हुई। अंतिम दिवस अनंत चतुर्दशी पर्व तीर्थकर भगवान वासुपूज्य का निर्वाण कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गुरुवार की प्रभातबेला में भगवान वासुपूज्य की प्रतिमा को पांडुशिला पर विराजमान कर उनका 108 कलशों से अभिषेक पूजन हुआ। श्रीजी को पांडुकशिला पर विराजमान करने का सौभाग्य प्रमोद मिठ्या को प्राप्त हुआ। प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य सेठ सुरेन्द्र कुमार, अरिहंत मिठया, संतोष चौधरी, नरेंद्र कुमार को मिला। इसके उपरांत ऋद्धिसिद्धि धारी चौसठ मंत्रो का उच्चारण कर बल्लन भैया द्वारा शांतिधारा संपन्न कराई गई। शांतिधारा का सौभाग्य अशोक चौधरी, सुनील कमल मोदी सकल समाज की सहभागिता रही। उसके तदपश्चात भगवान वासुपूज्य के चरणों मे निर्वाण लाडू चढ़ाया गया तद्पश्चात सामूहिक रूप से नित्य पूजन हुआ। दोपहर कालीन बेला में तीनों मंदिरों से जल विहार के लिए जलूस ढोल ढमाकों व दिव्यघोष के साथ नया बाजार पहुचा वहां से किला परिसर से कलशों में जल विहार कर वापिस मंदिर पहुचें। रजत पांडुशिला में श्रीजी को विराजमान कर रजत कलशों से अभिषेक पूजन हुआ। तत्पश्चात सामूहिक समवशरण विधान का आयोजन किया गया, उसके बाद सकल समाज ने तीनो मंदिरों बाजों की वंदना की। सायं कालीन बेला में मंदिर में महा आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिंगम्बर जैन पंचायत कमेटी अध्यक्ष योगेश कठरया, सुभाष चौधरी, रमेश हिरंक्षिपा, कंच्छेदी लाल सेठ, सुबोध चौधरी, मन्नूलाल बेसरा सहित बड़ी संख्या में सकल समाज उपस्थित रही।

## दशलक्षण महापर्व के अंतिम दिन भगवान की भव्य शोभायात्रा निकली



**सागर, देशबन्धु।** जिले में देवरी ब्लाक के ग्राम महाराजपुर में श्री नेमिनाथ दिगम्बर जैन पंचायती बड़ा मंदिर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन छोटा मंदिर सोधिया मोहल्ला में दशलक्षण महापर्व के अंतिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म का रहा। इस दशलक्षण महापर्व के समापन दिवस उत्तम ब्रह्मचर्य के दिन पृथ्वीपुर जिला निवाड़ी से पधारे शुभम भैया व आकाश भैया के मंगल निर्देशन में प्रात: 7 बजे से जिनेन्द्र देव का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसी श्रृंखला में दोपहर 1 बजे पर्यूषण महापर्व के समापन पर भगवान को विमान में बैठकर बड़े धूमधाम से उत्साह से साथ शोभा यात्रा निकाली गई और फूलमाला का कार्यक्रम सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा संपन्न हुआ। पर्यूषण महापर्व के विशेष अवसर पर शुभम भैया ने अपने प्रवचन में कहा कि ये दशलक्षण पर्व सिर्फमौज मस्ती के नहीं बल्कि आत्माराधना के पर्व है। इससे पहले कि हमारी चिता जल जाये, हम अपनी चेतना को जगा ले। जिनेन्द्र भगवान की भक्ति अभीष्ट फल को प्रदान करने वाली है। जिनेंद्र भगवान की पलभर की भक्ति अनन्त भवो के बांधे हुए पापों को पलभर में नष्ट करने वाली है। इसलिए हमे सदा धर्म व धर्मात्माओं से स्वयं को जोड़े रखना चाहिए। जिसमें शाम को जिनेन्द्र देव की भक्ति संगीतकार मंडली सिंगर स्वतंत्र सोनी, नीरज लखेरा, आदर्श, अनिल, शशांक द्वारा प्रस्तुत की। महापर्व के समापन पर सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा सभी संगीतकारों एवं भैया जी का सम्मान किया गया एवं बच्चों को भिन्न कार्यक्रमों का प्रोत्साहन वितरण किया गया।

## पर्यूषण पर्व की समापन पर जिनालयों में हुआ जल विहार, शाम को प्रतिक्रमण हुआ



**शाहगढ़, देशबन्धु।** पर्यूषण पर्वराज का दसवां दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की जिनालयों में पूजन भक्ति की गई। गुरूवार को जनसंत ससंघ सहित करीब दो सौ से ज्यादा भक्त सभी का निर्जला उपवास रहा, भगवान वासुपुज्य के निर्वाण दिवस पर बड़े ही भक्ति अर्चना करते हुए निर्वाण लाडू चढ़ाया गया, रत्नार्त्य पूजन, आचार्य विद्या सागर, गणचार्य विराग सागर और मुनिश्री विरंजन सागर की पूजन हुई दोपहर में तत्वार्थ सूत्र महामंडल विधान में सौधर्म इंद्र पवन भायजी परिवार को सौभाग्य प्राप्त हुआ। 24 भगवान की प्रतिमाओं पर शांति धारा मुनि श्री के मुखारबिंद से सम्पन्न हुई। विधान की सभी क्रियाएं पं. प्रवीण शास्त्री द्वारा कराई गई। पर्यूषण पर्व के समापन पर नगर के सभी जिनालयों में जल विहार कार्यक्रम हुआ। धर्म सभा में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर मुनि श्री विरंजन सागर ने प्रवचनों में कहा कि ब्रह्म का अर्थ आत्मा है और आत्मा के समीप रहना ही उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म है। संसार के भोग विलास में जितना मनुष्य फंसता है और अपना विषय वासनाओं की पूर्ति के लिए भाग दौड़ मचाता है उतनी ही वह अपने आत्मा से दूर होता जाता है। आत्मा में अनंत शक्ति है। आत्मा के माध्यम से ही कल्याण हो सकता है। शरीर और इंद्रियों से यह संभव नहीं है। जन्म भले अपने हाथ में न हो, लेकिन मरण अपने हाथ में है जिसमें आत्म कल्याण के लिए ब्रह्मचर्य की साधना को अपनाकर संसार में रहकर ही संसार से ऊपर उठकर कमल की भांति जीया जा सकता है। यह तभी हो सकता है जब मनुष्य अपनी अंतर दृष्टि खोलकर अपने विचारों को दूर करें और आत्मा की शुद्धि के लिए गुरुओं के शरण में आयें और उनके जीवन दर्शन का अनुपालन करें।

## चतुर्दशी के दिन श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकाली



**बांदरी, देशबन्धु।** नगर बांदरी में पर्यूषण पर्व बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया दशलक्षण पर्व के अंतिम दिन जैन मंदिर में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की विशेष पूजा अर्चना की गई। वहीं अनंत चतुर्दशी पर जैन समाज द्वारा नगर में श्री जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें श्री जी को विमान में बैठाकर नगर भ्रमण किया। बाद में मंदिर पहुंचकर श्रीजी का सहस्त्र कलशों से अभिषेक किया गया गुरुवार को जैन समाज द्वारा अनंत चतुर्दशी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। भगवान श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर बांदरी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। शोभायात्रा में समाज के पुरुष महिलाओं एवं बच्चों ने नगर भ्रमण कर भगवान के जयकारे लगाते हुए अहिंसा का संदेश दिया। यात्रा श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर में भ्रमण करते हुए बंडा चौराहे से होते हुए भगवान श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पहुंची जहां पर इंद्र बने श्रद्धालुओं ने कलशों में जल भरकर श्रीजी का अभिषेक किया। इस दौरान ब्रह्मचारी अजय भैया ने बताया कि अनंत चतुर्दशी का दिन जैन ग्रंथों के अनुसार महत्वपूर्ण होने के साथ ही ब्रह्मचर्य व्रत धारण करने की शिक्षा देता है। बैंड बाजो की मनमोहक धुनों से समस्त वातावरण भक्तिमय बन गया। इस दौरान समाज ने भगवान का अभिषेक कर प्रभु का गुणगान किया। इस मौके पर राजेंद्र जैन मड़ैया वाले, जिनेंद्र जैन, संजय जैन, सौरभ जैन, विकास जैन एवं समस्त जैन समाज शामिल हुए।

## 5 विकारों को करों स्वाहा, जिंदगी हो जायेगी वाह- वाह: नीलम बहन




**सागर, देशबन्धु।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के तत्वावधान सागर में श्रीमदभागवत कथा एवं राजयोग शिविर के सातवें दिवस में प्रवचनकर्ता बीके नीलम बहन ने परमपिता परमात्मा राम का आह्वान करते हुए कहा कि परिवर्तन ही संसार का नियम है। हमें ही कलियुग में रहते ही अपनी बुराइयों को, बुरी आदतों को अच्छाई में परिवर्तित करना हैं। अर्थात इस अनोखे यज्ञ के द्वारा मनुष्यों के संस्कार परिवर्तन का दिव्य गुणों से परिवर्तन करना है कहा जाता है नर ऐसी करनी करें जो नारायण बन जाए और नारी ऐसी करनी करें जो श्री लक्ष्मी बन जाए। यज्ञ का मतलब त्याग, बलिदान, समर्पण। हवन कुंड में अग्नि प्रज्जवलित करने के पश्चात इस पवित्र अग्नि में घी, फल, शहद, घी, काष्ठ इत्यादि पदार्थों की आहुति प्रमुख होती है। परन्तु हमें इस श्री मद्भागवत कथा के समापन पर तीन चीजों को स्वाहा करना हैं. तन-मन-धन। जवां-तन, तिल-मन और घी-धन। ये तीनों चीजों घी, जवां, तिल को स्वाहा करना हैं। सबसे पहले मन करता है कि कुछ कार्य किया जाए तो फिर तन द्वारा किया जाता हैं और धन से विकर्म किया। जिससे 5 विकार काम, क्रोध, लोभ, मोह, अंहकार पैदा होते हैं। वर्तमान में हमारा मन रूपी अश्व कलियुग में पुर्णत: फंस चुका हैं। मन कलियुगी पाप कर्मों में लिप्त हो चुका है। तो अब कलियुग के अंतिम समय, कयामत का समय हैं। इस अंतिम समय में हमें शिव परमात्मा को याद करके, उससे शक्तियां लेकर मन की चंचलता को, मन के भटकाव को दूर कर सकते हैं।

### सांसद को अपनी विभिन्न मांगों के निराकरण के संबंध में ज्ञापन सौंपा

**सागर, देशबन्धु।** गुरुवार को सागर संभाग में पदस्थ समस्त मप्र अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारियों द्वारा जिले के सांसद राज बहादुर सिंह को अपनी विभिन्न मांगों के निराकरण के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में विभिन्न भागों में से मुख्य रूप से वेतनमान उन्नयन कर 4200 ग्रेड पे किए जाने तथा पदोन्नति के स्थान पर चयन के माध्यम से विभागीय भर्ती नियमों में संशोधन कर उच्च पद में नियुक्त किए जाने तथा प्रथम समयमान 5400 ग्रेड पे किए जाने के संबध में मुख्यमंत्री के समक्ष मांग को रखे जाने के लिए सांसद से अनुरोध किया। ज्ञापन सागर संभाग में पदस्थ मप्र अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी संवर्ग के वरिष्ठ एसएएस उमाशंकर रावत से. नि., सुनील चौधरी, अमित द्विवेदी, सत्येंद्र तिवारी, छत्रपाल सिंह ठाकुर, संजय राय, आनंद वर्मा, मुकेश सिंह कुशवाह एवं अन्य एसएएस द्वारा सौंपा गया।

## भाजपा की सरकार ने प्रदेश की बहनों को सशक्त बनाया है: यश अग्रवाल



**सागर, देशबन्धु।** भाजयुमो जिला अध्यक्ष यश अग्रवाल के नेतृत्व में सागर विधानसभा में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बहनों ने भाजपा की सदस्यता ली। बहनों बताया कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो महिलाओं के उत्थान को लेकर कार्य कर रही है। जिसमें महिलाएं को विभिन्न योजनाओं के तहत आर्थिक संबल भी मिल रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यश अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी बहनों को लेकर संवेदनशील है। वे चाहते हैं कि प्रदेश में उनकी बहनें लगातार आगे बढ़े। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी महिलाओं को समान अधिकार देते हुए आरक्षण देने का काम किया है। वहीं मुख्यमंत्री ने लाड़ली लक्ष्मी योजना, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ योजना के तहत मेधावी छात्राओं को स्कूटी व लैपटॉप भी प्रदान किए हैं। भाजपा की यह वही सरकार है जो बेटियों को उच्च शिक्षा भी नि:शुल्क प्रदान कर रही है। हाल में ही शुरू की लाडली बहना योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का काम भी सरकार ने किया है। सदस्यता अभियान के दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान अर्जुन सूर्यवंशी, विकास केशरवानी, आदर्श मिश्रा एवं बड़ी संख्या में बहने उपस्थित रही।

## जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर निकला जुलूस, लोगों ने एक-दूसरे को दी ईद की मुबारकबाद



**शाहगढ़, देशबन्धु।** ईद मिलादुन्नबी का दिन मुस्लिम समुदाय के लिए विशेष है। इस दिन पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन है। यह एक धार्मिक पर्व है, इस विशेष पर्व पर मुस्लिम समुदाय के लोग पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का गुणगान करते हुए गुरूवार को ईद मिलादुन्नबी पर बड़े ही धूमधाम से जुलूस निकाला। पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस यानी ईद मिलादुन्नबी को समूचे नगर में भी बड़ी ही शान और शौकत के साथ ईद का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर की जामा मस्जिद नूरी मस्जिद आदि के मुख्य मार्गो से मुस्लिम समुदाय ने विशाल संख्या में जुलूस निकाला। जगह-जगह प्रसाद का वितरण किया गया, तो अनेक जगह जुलूस का फूल वर्षा कर स्वागत किया गया। जुलूस के दौरान शासन प्रशासन के निर्देश पर सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया था। वहीं पुलिस के द्वारा शांति के साथ आयोजन संपन्न कराया गया। विभिन्न समुदायों, नगर में एकता का परिचय देते हुए राजनीति दलों के लोगों ने जुलुस का स्वागत किया और एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।

### विधायक ने गणेश विसर्जन स्थल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**सागर, देशबन्धु।** अनंत चतुर्दशी के अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन ने लेहदरा नाका स्थित विसर्जन स्थल पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां नाव से गणेश जी का विसर्जन भी किया। उन्होंने वहां पर उपस्थित लोगों से चर्चा की गणेश जी की आरती की।



## दस लक्षण महापर्व के अंतिम दिन निकल गई श्री जी की विमान यात्रा



**मकरोनिया, देशबन्धु।** दसलक्षण महापर्व के अंतिम दिन अनंत चतुर्दशी को भगवान की भगवान यात्रा मुनि श्री सुदत्तसागर एवं क्षुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर के मंगल सानिध्य में निकाली गई। मुनि सेवा समिति सदस्य मनोज जैन लालो ने बताया श्रीजी की विमान यात्रा श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर अंकुर कॉलोनी शांति विहार, आदर्श नगर, मकरोनिया चौराहा से वापस विद्या भवन पहुंची। श्रद्धालुओं ने अपने घर के दरवाजे पर रंगोली बनाकर भगवान की आरती उतारी। विद्या भवन में भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन पटवारी ने बताया कि प्रात: काल मूलनायक भगवान के समक्ष शांति धारा करने का प्रथम सौभाग्य लालचंद पुलकित शास्त्री परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुनि श्री ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए अपना प्रवचन में कहा विमान यात्रा की परंपरा तीर्थंकर आदिनाथ के पुत्र भरत चक्रवर्ती ने प्रारंभ की थी, उन्होंने 6 खंड की दिग्विजय यात्रा में 1008 भगवान के गजरथ निकाले थे। धार्मिक आयोजन की सफलता और पूर्णता के प्रतीक के रूप में विमान यात्रा निकाली जाती है। इससे प्रेम, शांति और आनंद बढ़ता है। भगवान भी भक्त के द्वार पर पहुंचते हैं और भक्त श्रद्धा भक्ति आस्था में सराबोर होकर परमात्मा की आरती कर, श्रीफल से पूजा कर, दान देता है। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त ने कहा पर्यूषण पर्व में सामाजिक एकता सांस्कृतिक कार्यक्रमों द्वारा, संस्कृति की झलक प्रवचनों द्वारा, जीवन कल्याण के सूत्र और उपवास व्रत एकासन द्वारा स्वास्थ्य भी ठीक रहता है धर्म का पालन भी होता है। पूजन अभिषेक करने से प्रात: जल्दी उठने से सात्विक सकारात्मक ऊर्जा हमें मिलती है, जो हमें आगे आने वाले दिनों तक श्रेष्ठ स्वस्थ धार्मिक बनाए रखती है। कार्यक्रम का संचालन पं. उदय चंद शास्त्री ने किया।

### पर्युषण महापर्व के अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन



**मकरोनिया, देशबन्धु।** जैन मिलन मकरोनिया क्षेत्र क्रमांक 10 के द्वारा मुनिश्री सुदत्तसागर एवं छुल्लकश्री चंद्र दत्त सागर की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से श्री ऋषभ नाथ दिगंबर जैन मंदिर में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हीरालाल जैन अध्यक्ष मंदिर कमेटी, महेश जैन राष्ट्रीय संयोजक, सुरेश जैन अध्यक्ष जैन मिलन, इंजी आलोक जैन एवं अरुण जैन घुवारा थे। सुरेश जैन अध्यक्ष जैन मिलन ने बताया कि इस भजन संध्या में 27 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिन्होंने बड़े बाबा छोटे बाबा एवं धार्मिक रचनाओं पर अपनी अपनी मनमोहक भजन प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कोकिला जैन, महेश जैन, आलोक जैन, रविंद जैन द्वारा दिए गए निर्णय के आधार पर प्रथम स्थान मेघा जैन द्वितीय प्राची जैन तृतीय रेशु जैन चतुर्थ वैशाली जैन एवं पांचवा पुरस्कार परिधि जैन को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन संजीव जैन सुनील स्टेशनरी सांस्कृतिक मंत्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वीर एवं वीरांगनाएं उपस्थित थे, कार्यक्रम के अंत में रविंद्र जैन मंत्री द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## सार समाचार

### कागजी रिकार्ड में मृत अपने जिंदा होने के सबूत लिए दर दर भटक रहा



**नौगाँव, देशबन्धु।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम खुर्दा निवासी पना लाल रिछारिया को पंचायत सचिव द्वारा रिकार्ड में म्रत घोषित कर रखा है यह कारनामा सचिव ने क्यो किया है यह जांच का विषय है जबकि सचिव पन्नालाल के पड़ोसी गांव का ही है जब पन्नालाल अपनी केवाईसी कराने नौगाँव कम्प्यूटर की दुकान पहुचा और अपनी समग्र आईडी निकलवायी तो उसमें उसके नाम पर म्रत लिखा पाया गया यह देख पन्नालाल के होश उड़ गए आनन फानन में पन्नालाल द्वारा जनपद जाकर अपने मृत्यु प्रमाण पत्र देने कहा गया तो उसे मृत्यु प्रमाण पत्र नही दिया गया इसके बाद पन्नालाल द्वारा आवेदन टाइप करा कर जनपद अधिकारी से मिल पूरी जानकारी साझा की में पन्नालाल रिछारिया आपके सामने खड़ा हूँ यह मेरे पेपर है और मेरी समग्र आईडी में मुझे म्रत लिख दिया गया है यह आपके सचिव गौरव घोष ने किया है जिस पर जनपद अधिकारी द्वारा सम्पूर्ण मामले की जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी वही पन्नालाल रिछारिया का कहना है इस मामले की शिकायत से नाराज सचिव गौरव घोष के पिता जी मुझे धमकी दे रहे है कि और शिकायत करो जो करता बने करलो हमारा कोई कुछ नही बिगाड़ सकता यहां पर यह कहावत चरितार्थ होती है मामा तेरे राज में अंधे पीस रहे और कुत्ते खा रहे है यही हाल है जीवित व्यक्ति पन्नालाल का जिसे भृष्टाचारीयो ने कागजो में मार डाला अब देखना होगा जांच में क्या कार्यवाही होती है।

# सफाईकर्मी हड़ताल पर, चहुंओर फैली गंदगी



**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में अगर एक दिन भी झाड़ू न लगे तो चारों तरफ गंदगी फैल जाती है। पिछले तीन दिनों से सफाई कर्मचारियों की प्रदेशव्यापी हड़ताल के कारण चारों तरफ गंदगी का आलम है। बुधवार की रात पार्षदों और पार्षद प्रतिनिधियों ने शहर में सफाई अभियान चलाया। जगह-जगह लगे कचरे के ढेर साफ किए गए।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र चौरसिया पप्पू ने बताया कि सफाई कर्मचारियों की पूरे प्रदेश में हड़ताल चल रही है। उनकी मांगे प्रदेश स्तरीय हैं। मुख्यमंत्री द्वारा उनकी मांगों को गंभीरता से लिया गया है उम्मीद है सफाई कर्मचारियों की मांगे जल्द पूरी होगी हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारी की वजह से शहर भर में नियमित सफाई नहीं हो सकती जिससे चारों तरफ कचरा फैल गया था। नगर पालिका के पार्षदों ने बैठक कर निर्णय लिया कि त्योहारों को देखते हुए सफाई अभियान चलाना आवश्यक है। सभी पार्षदों और पार्षद प्रतिनिधियों ने शहर के प्रमुख स्थानों पर सफाई अभियान चलाया। सफाई कर्मचारी संगठन की मांग है कि प्रदेश भर में ठेका प्रथा समाप्त की जाए, सफाई कर्मचारियों को नियमित किया जाए। सफाई कर्मी अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल कर रहे हैं। सफाई कर्मियों की हड़ताल से चारों तरफ गंदगी का आलम है।

**नपा ने दी हड़ताली कर्मचारियों को 24 घण्टे में उपस्थित होने की चेतावनी :** मुख्य नगरपालिका अधिकारी माधुरी शर्मा ने नगर पालिका पालिका परिषद् छतरपुर के सफाई शाखा के नियमित कर्मचारी एवं समस्त शाखाओं के (विनियमित कर्मचारी, दैनिक वेतन भोगी, अस्थाई श्रमिक) को चेतावनी दी है कि 25 सितम्बर से अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल पर होने के उपरांत कार्यालय में अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। अनुपस्थिति के कारण निकाय की अतिआवश्यक सेवायें बाधित हो रही है तथा कार्य अवरूद्ध हो चुका है। निकाय द्वारा शहरवासियों को मूलभूत सुविधायें उपलब्ध न कराये जाने से समस्त जनप्रतिनिधियों एवं आमजन द्वारा आक्रोश प्रकट किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर कर्मचारी 24 घंटे के अंदर अपने कर्त्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होते हैं तो अन्यथा की स्थिति में म.प्र. नगर पालिका भर्ती तथा सेवा शर्तें नियमों के तहत निकाय द्वारा कार्यवाही की जावेगी।

### हजरत पैगम्बर मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर निकाला गया भव्य जुलूस

**नौगांव, देशबन्धु।** पैगम्बर हजरत मोहमद साहब के जन्म दिवस पर गुरुवार को मुस्लिम समुदाय द्वारा पूरी शान-ओ-शौकत के साथ नगर में भव्य जुलूस-ऐ-मोहम्मदी का जलसा निकाला गया। जलसा के लिए पूरे नगर को आकर्षक रंगबिरंगी झांकियों,झंडों एवं आकर्षक लाइटों की सजावट से सजाया गया। जुलूस का जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। जुलूस के समापन के मौके पर ईदगाह में देश दुनिया में तरक्की एवं अमन, शांति के लिए दुआ मांगी गई। जुलूस के दौरान मोहम्मदी परचम के साथ तिरंगा झंडा लेकर युवाओं ने एकता की मिशाल पेश की।

शहर में गुरुवार को पैगम्बर हजरत मोहमम्द साहब के जन्म दिन पर मनाया जाने वाला पर्व जश्ने ईद मीलादुन्नबी पर्व बड़े ही धूमधाम से मुस्लिम समाज के द्वारा मनाया गया। मुस्लिम समाज के युवकों ने सुबह से अस्पतालों में जाकर मरीजों एवं उनके साथ आए परिजनों को फल वितरण किए। इसके बाद दोपहर में मुबारक मौके पर पूरे नगर में जुलूस निकाला गया। जुलूस के लिए पूरे शहर को युवाओ की टोलियों द्वारा रंग बिरंगी झंडियों, गुब्बारों, हरे झन्डे, रंगबिरंगी लाइटिंग, फूलों आदि से सजाया गया था। साथ ही जामा मस्जिद को आकर्षित रंग बिरंगी लाइटों एवं फूलों से सजाया गया।

### अंधे कत्ल का पर्दाफाश

# पत्नी ने की थी पति की हत्या

**लवकुशनगर, देशबन्धु।** अनुविभाग अर्न्तगत बछौन चौकी के गडऱ्पुर में भवानीदीन पाल की बीते रोज 26 सितम्बर की रात्रि कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुये 24 घण्टे के अंदर खुलासा कर दिया है। हत्या होने के बाद पुलिस को जानकारी लगते ही एसडीओपी नवीन दुबे सहित प्रभारी मौके पर पहुंचकर पूछताॅछ की गई। आरोपित महिला ने कहानी बनाते हुये पुलिस को बताया कि 4-5 लोग आये और मेरे पति की हत्या कर दी। पुलिस ने मामले की छानबीन बारीकी से की तो पत्नी ही पति की हत्यारिन निकली।

पुलिस ने जब मृतक की पत्नि से पूछताछ की तो उसने पुलिस को ही गुमराह करते हुए झूठी कहानी रच दी। पुलिस की विवेचना में मृतक भवानी दीन पाल की पत्नी सुमन पाल पर संदेह होने पर कड़ाई से पूछताछ की गई तो महिला ने सारी सच्चाई उगल दी। आरोपी पत्नी द्वारा बताया गया कि मेरे चरित्र पर शंका के चलते पति द्वारा आए दिन उसके साथ गाली गलौज एवं मारपीट करता था।

घटना दिनांक को भी इसी बात पर से विवाद होने पर रात्रि में पति के सोते समय पत्नी सुमन पाल ने घर में रखी कुल्हाड़ी से गले, सिर सहित 7 से 8 वार कर पति को मौत के घाट उतार दिया। आरोपी पत्नि के विरुद्व पुलिस ने अपराध क्रमांक 233/23 धारा 302 आईपीसी का मामला पंजीबद्व का गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### सर्पदंश से मौत



**छतरपुर, देशबन्धु।** ईशानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुर्रा निवासी कल्लू यादव तनय मिलखाई यादव 30 वर्ष को विगत 26 सितम्बर को सर्प ने काट लिया था। परिजनों के द्वारा कल्लू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार किया जा रहा था उपचार के दौरान गुरूवार को कल्लू की हालत में सुधार न होने पर परिजनों के द्वारा जिला अस्पताल से मरीज की छुट्टी कराई गई और मरीज को उपचार के लिए बाहर ले जाने के लिए एंबुलेंस की गई लेकिन तब तक जिला अस्पताल में छुट्टी होते ही कल्लू की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# धूमधाम से मनाया गया ईद मिलादुन्नबी पर्व



**छतरपुर, देशबन्धु।** देश में अमन शांति के संदेश के साथ शहर में मुस्लिम समाज के द्वारा पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मुस्लिम समाज के द्वारा लगभग 15 दिनों से ईद मिलादुन्नबी के पर्व की तैयारियां जोर-शोर से की गई थीं। शहर को खूबसूरत तरीके से सजाया गया था। गुरूवार को मुस्लिम समाज के द्वारा मुश्किल कुशा अली मैदान से विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस का अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया।

पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर दोपहर लगभग 3 बजे जुलूस निकाला गया। जुलूस में हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे। यह जुलूस संकट मोचन, ग्वाल मंगरा, चौक बाजार, महल होते हुए डाकखाना चौराहे पर समाप्त हुआ। जुलूस में घोड़े, बग्घी, डीजे, बैण्ड आकर्षण का केन्द्र रहे। डीजे की धुन पर युवा एवं बच्चे थिरकते नजर आए। जुलूस का अनेक स्थानों पर मुस्लिम समुदाय एवं अन्य समाज के लोगों द्वारा स्वागत किया गया।

**पुलिस प्रशासन की रहीं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था :** अनंत चतुर्दशी एवं ईद मिलादुन्नबी का पर्व एक साथ होने के चलते पुलिस प्रशासन ने भी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। विगत रोज पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है।

गुरूवार को शहर के चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रही। एसपी अमित सांघी ने स्वयं विभिन्न मार्गो का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया था।

### जगह-जगह हुआ गणेश विसर्जन

# गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ



**छतरपुर, देशबन्धु।** गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक 10 दिन पूरे शहर ही नहीं बल्कि देशभर में प्रथम पूज्य भगवान गजानन की आराधना में लोग लीन रहे। अनंत चतुर्दशी को सुबह से विधि विधान से भगवान गणेश की आरती उतारी गई और प्रसाद लगाकर उन्हें भक्ति भाव के साथ विदा किया गया। विदाई के समय भक्तों के चेहरों में दुख झलक रहा था।

10 दिनों तक प्रथम पूज्य भगवान गणेश की पूजा अर्चना करते हुए गणेश महोत्सव समितियां ने उत्साह मनाया। आदिकाल से भगवान गणेश को प्रथम पूज्य माना जाता है। लोगों के विघ्नहरने वाले भगवान गणेश की पूजा करते हुए उनसे दुख दूर करने की कामना की गई। अनंत चतुर्दशी के पर्व पर शहर की विभिन्न महोत्सव समितियां ने गाजे बाजे के साथ भगवान गजानन को विदा किया। ढोल नगाड़ों की थाप पर भक्त उत्साह के साथ नृत्य करते हुए भगवान गणेश की प्रतिमाएं विसर्जित करने ले गए। चूंकि गुरुवार को मुस्लिम समाज का भी त्यौहार था इसलिए दोनों त्योहार को मनाने में सामंजस्य बैठाना भी प्रशासन की जिम्मेदारी थी।

प्रशासन ने सभी महोत्सव समितियों से अपील की थी कि वह दोपहर 12 बजे तक गणेश प्रतिमाएं विसर्जित कर दें। छोटी-छोटी प्रतिमाएं चौपाटी स्थित प्रताप सागर तालाब में विसर्जित की गई एवं अन्य विशाल प्रतिमाएं बूढ़ा बांध में एक अलग से बनाए गए कुंड में विसर्जित की गई।

प्रशासन द्वारा क्रेन रखी गई थी जिसके सहारे मूर्तियों को बनाए गए कुंड में विसर्जित किया गया। वहीं एसपी अमित सांघी ने खुद प्रताप सागर तालाब एवं बूढ़ा बांध का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### मूर्ति विसर्जन में विद्यार्थी परिषद ने किया सहयोग



गणेश विसर्जन कार्यक्रम में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता भी सेवा भाव के साथ लगे रहे। विद्यार्थी परिषद के सोमेंद्र चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया है कि कार्यकर्ताओं के द्वारा गणेश विसर्जन में प्रताप सागर तालाब पर मूर्ति विसर्जन को लेकर साफ सफाई एवं सुरक्षा के मद्देनजर श्रद्धालुओं का सहयोग किया। इसके अलावा शहर में निकल रही गणेश जी की प्रतिमा को लेकर बिगड़ती ट्रॉफिक व्यवस्था में भी सहयोग किया गया। विद्यार्थी परिषद के इस सेवा भाव की पुलिस प्रशासन ने भी सराहना की है।

# पहाड़ी बांध में प्रशासन की मौजूदगी में हुआ गणेश विसर्जन



**हरपालपुर, देशबन्धु।** नगर में अनंत चर्तुदशी पर भगवान गणेश की पूजन के पश्चात प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया गया। इस मौके पर नगर में डीजे की धुन पर युवा नाचते जयकारा लगाते गणेश प्रतिमा वाहनों पर रखकर चल समारोह निकाला गया। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने गाजे-बाजे के साथ गुलाल उड़ा कर भगवान गणेश को विदाई दी। इस दौरान गणपति बप्पा बोरया के जयकारे गूंजते रहे।

नगर में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई थी। अनंत चर्तुदशी पर पंडालों और घरों में विराजी गई मूर्तियों का विसर्जन पहाड़ी बांध में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया गया। जहां प्रशासन की टीम गोताखोरों के मुस्तैद रही। अलीपुरा पुलिस के जवान क्रम से एक एक गणेश प्रतिमा विसर्जन करवा रहे थे। मूर्ति विसर्जन स्थल पर प्रशासन के निर्देशानुसार पर उचित व्यवस्था की गई थी। समितियों द्वारा विराजी गई बड़ी मूर्ति धसान नदी में विसर्जित की गई।मूर्ति विसर्जन स्थल पर पूरे समय पुलिस बल और गोताखोर तैनात रहे। हरपालपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की मूर्तियों का सर्वाधिक पहाड़ी बांध पर किया गया।

इसी तरह रामटौरिया में भी धूमधाम से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। रामटौरिया में अनेक स्थानों पर स्थापित गणेश प्रतिमाओं को एकत्रित कर गाजे-बाजे के साथ झांकी निकाली गईं जो बस स्टेण्ड, गांधी चौक, मेन बाजार, हरदौल चबूतरा होते हुए चंदेरी तालाब पहुंची जहां विधिविधान से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

# रियासत कालीन जलबिहार मेला का हुआ शुंभारंभ



**छतरपुर, देशबन्धु।** बुन्देलखण्ड की रियासत कालीन धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत श्रावण द्वादशी माँ अन्नपूर्णा मेला जलबिहार गल्लामण्डी के 80वें आयोजन का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री एवं छतरपुर विधानसभा की वर्तमान भाजपा प्रत्याशी श्रीमती ललिता यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी मनीष दोसाज,विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा महामंत्री सुरेन्द्र चौरसिया, पूर्व जनपद अध्यक्ष मोनू यादव,मेला समिति अध्यक्ष नारायण मिश्रा सहित पप्पू पंसारी, दयाशंकर अवस्थी,रवि शुक्ला, रमेश लालवानी, सोनू गुप्ता मंचासीन रहे। मंचीय कार्यक्रम के पूर्व महाआरती में अतिथियों ने सम्मिलित होकर माँ अन्नपूर्णा का आर्शीवाद लिया

मेला समिति के सह संयोजक दिलीप सेन ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला शुभारंभ अवसर पर अपनी बात रखते हुए मुख्य अतिथि ललिता यादव ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर मेला जलबिहार को सहेजने और गरिमापूर्ण बनाये रखने की जिम्मेदारी सिर्फ मेला समिति की नहीं है, इस विरासत को बचाने और आगे बढ़ाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर आगे आना चाहिए। उन्होंने मेला समिति की सराहना करते हुए हमेशा हरसंभव मदद करने का वादा करते हुए 51 हजार रूपये की नगद सहयोग राशि प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केयर इंग्लिश स्कूल के डायरेक्टर एवं समाजसेवी मनीष दोसाज ने कहा कि मेला समिति बधाई के पात्र है जो सनातनी संस्कृति को बचाने के लिए कार्य कर रही है हमें अपने बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति एवं संस्कार की शिक्षा देना अति आवश्यक है। श्री दासोज ने अपनी ओर से सांस्कृति कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले सभी बच्चों को उपहार भेंट किये। विशिष्ट अतिथि भाजपा महामंत्री सुरेन्द्र चौरसिया ने कहा कि मेला जलबिहार बुन्देलखण्ड की ऐतिहासिक धरोहर है, इसको आगे बढ़ाने में हम हमेशा सहयोग करते रहेंगे और उन्होंने मेला समिति को 31 हजार रूपये नगद राशि देने की घोषणा मंच से की।

मेला समिति के संरक्षक देवकी नंदन मिश्रा, राजेश रूसिया, अध्यक्ष नारायण मिश्रा, महासचिव केतन अवस्थी, अंकित दुबे, कोषाध्यक्ष जगदीश पंसारी, प्रवीण गुप्ता, अजय अग्रवाल,आशीष शर्मा,अनुज अवस्थी,हर्ष शुक्ला,लखन रैकवार, विकास शुक्ला,गौरव शुक्ला सहित अन्य सदस्यों द्वारा उपस्थित अतिथियों का शाल श्रीफल एवं फूल मालाओं से स्वागत कर स्मृति चिन्हें भेंट किये गये।

### धर्ममय हुआ पूरा नगर : प्रशासन की चाकचौबंद रही व्यवस्था

# गणपति बब्बा मोरिया, अगले बर्ष तू जल्दी आना



***घुवारा, देशबन्धु।*** *बडी सौभाग्य की बात मानी जाती है कि जब एक ही दिन तीन घर्मो के समुदाओ के लोगो द्धारा एक साथ पर्व मनाया गया हो ऐसा ही इस महीने मे देखने को मिला है कि जहां हिन्दू घर्म के प्रथम पूज्य भगबान गणपति जी बही जैन धर्म के पयुर्षण पर्व सहित मुस्लिम धर्म के ईदएदुलनब्बी जैसे महान पर्व थे जो दस दिन तक चलने के उपरांत समाप्त होते है बही तीनो समुदाओ के पर्वो के समापन पर जलूस निकाल कर पर्व मनाया है।*

*हिन्दू धर्म की रीति रिबाजो के अनुसार भादपद मास की चतुर्थी को भगबान गणपति जी को बिराजमान किया जाता और दस दिन तक पंडालो मे उनकी भक्ति भाब से पूजा अर्चना करते हुये भजन कीर्तन सहित संगीतमय आरती करते हुये कई कार्यक्रम आयोजित करते हुये गणेश महोत्सब मनाते है बही अनंत चौदश को भक्तो द्धारा सुबह से ही पंडालो मे गणपति जी को बिदा करने हेतु बडी श्रृद्धा भाब से हबन पूजन करते हुये जलूस निकालते है उसी क्रम मे नगर मे जगह जगह बिराजे गणपति जी झांकी सजाकर जलूस निकाला जलूस मे नन्ने मुन्ने बचिचो से लेकर युवा व महिलाएं भी शामिल हुई जो गणपति के गीतो को गाती हुई नजर आई तो बही युवा न नन्ने नुन्ने बच्चे डीजे पर जम कर थिरकते हुये नजर आ रहे थे भगबान गणपति जी की झांकी नगर की गलियो से गुजरती हुई धासन नदी पहुचे जहां भक्तो द्धारा बडी श्रृद्धा भाब से भगबान की पूजा अर्चना करते हुये गणपति बप्पा मोरिया अगले बर्ष तू जल्दी आना के जयकारे लगाते हुये जलाशय मे बिसर्जित किया।*

### श्री जी की निकाली शोभायात्रा

जैन समुदाय पबित्र व धार्मिक पर्व पयुर्षण पर्व जो कि दस दिनो तक चलता है इसमे जैन समुदाय के लोग बडी ही श्रृद्धा भाब से भगबान का दस दिनो तक विधि विधान से पूजा अर्चना करते है इस दस दिनो की पूजा अर्चना मे जैन धर्म के बच्चो से लेकर बडे बूडे व माता बहिने शामिल होकर श्री जी का अभिषेक व भक्तिभाब से पूजा अर्चना करते हुये धर्म लाभ अर्जित करती है बही शाम को संतो द्धारा प्रबचन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते रहे बही अनंत चतुरदशी को शुबह से श्री जी अभिषेक करते हुये शौभायात्रा निकाली गई शौभायात्रा जैन बडे मंदिर से प्रारांभ होते हुये नगर के मैन बाजार हाईसैकंडी स्कूल से बापिस होकर बापिस जैन मंदिर पहुंची शौभायात्रा महिलाओ द्धारा सुदंर पीले परिधान मे दांडिया नृत्य करते हुये दिखाई दी तो बही युवा बर्ग श्री जय के गीतो नाजते हुये नजर आये शौभायात्रा के समापन के उपरांत रात्री मे क्षमाबाणी का आयोजन किया गया।

### मुस्लिम समाज ने जश्न व उल्हास के साथा मनाया पैगम्बर साहब का जन्म दिन, निकाला जलूस

मुस्लिम समुदाय का पबित्र माना जाने बाला जश्न ईद मीलादुल्नबी पर्व को मुस्लिम समाज के द्धारा बडी ही हर्षोउल्हास के साथ मनाया गया बताया जा रहा है कि इस दिन बाबा पैग्मबर साहब पैदायस की खुशी पर मुस्लिम समाज मस्जिद से नबाज अदा करके उनके जन्म दिन को बडे ही हर्षोउल्हास के साथ जुलूस निकाल कर मनाते है उसीक्रम नगर के मुस्लिम समाज द्धारा मस्जिद ने जूलूस प्रारांभ किया जुलूस मे मुस्लिम भाईयो सहित माताएं बहिने शामिल हुई।

### प्रशासन की रही चाकचौबंद व्यवस्था

तीनो धर्मो के एक साथ पर्व होने पर स्थानीय प्रशानिक अधिकारी तहसीलदार ऋृतु सिंघई व उपथाना प्रभारी बीरेन्द्र परस्ते के द्धारा तीनो समुदायो के जलूसो को सूजबूझ के साथ शांति पूर्ण तरीके से निकलवाया गया शांति पूर्ण तरीके से निकलने पर नगर के लोगो ने ऐसे अधिकारियो के कार्य की सराहना करते हे धन्यबाद ज्ञापित किया है।

सागर, शुक्रवार 29 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## हेट स्पीच में हिन्दुत्ववादी संगठनों की संलिप्तता उजागर

पिछले कुछ समय में देश में हेट स्पीच की बाढ़ आई हुई है। दिन गुजरने के साथ इनमें वृद्धि ही दर्ज हो रही है। इसके कारण समाज में परस्पर नफ़रत और हिंसा का माहौल है। 2014 में भारतीय जनता पार्टी के केन्द्र सरकार पर आरुढ़ होने के बाद से हेट स्पीच उफान पर हैं। वैसे भी यह हमेशा से साफ था कि कड़वे बोलों के लिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा में पगे लाखों कार्यकर्ता, उसकी राजनैतिक विंग भाजपा के समर्थक तथा अन्य अनुषंगिक संगठनों के लोग जिम्मेदार हैं। 'हिन्दुत्व वॉच' ने इस वर्ष की पहली छमाही की जो रिपोर्ट प्रकाशित की है, उससे इसकी पुष्टि होती है।

'हिन्दुत्व वॉच' ने अनेक जहर बुझे भाषणों व वक्तव्यों का अध्ययन कर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है, जिसका सारांश ही सारी कहानी को बयां कर देता है। उसके अनुसार, 2023 के प्रथम छह महीनों में ऐसे 255 दस्तावेजी वक्तव्य या घटनाएं हुई हैं जिनके निशाने पर मुस्लिम थे। इनमें से 205 (80 फीसदी) घटनाएं भाजपा प्रशासित राज्यों में हुई हैं। महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात में सर्वाधिक वाकये हुए। अकेले महाराष्ट्र में ये 29 प्रतिशत रहे। जिन 8 राज्यों में इस तरह की घटनाएं सर्वाधिक हुईं उनमें से 7 में भाजपा की सरकारें हैं। करीब 52 प्रतिशत मामले भाजपा वाले राज्यों व केन्द्र प्रशासित राज्यों (यूटी) में हुए और इनके लिये आरएसएस के साथ उसके परिवार के विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, सकल हिन्दू समाज और भाजपा की इनमें संलिप्तता है। कुल 17 राज्यों व 2 यूटी, जिन पर भाजपा की केन्द्र सरकार के जरिये हुकूमत चलती है, ऐसे वक्तव्यों व कृत्यों के लिये वही जिम्मेदार पाई गई है। लगभग 64 फीसदी हेट स्पीच मुस्लिम विरोधी बहुप्रचारित अवधारणाओं के प्रभावित पाई गई। इनमें से 33 प्रतिशत में मुस्लिमों के खिलाफ हिंसा करने का आह्वान किया गया तो 11 फीसद में मुस्लिमों के बहिष्कार की और 4 प्रतिशत में मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की अपील की गई। 12 फीसद भाषणों में हथियारबंद होने की बात कही गई है। इन नफरती व हिंसक बयानों का सम्बन्ध सीधे-सीधे चुनावों से भी जुड़ता नज़र आता है। 33 फीसद ऐसे वक्तव्य उन राज्यों में दिये गये जहां 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं तो वहीं 36 प्रतिशत उनमें हुए जहां 2024 में राज्य के चुनाव होंगे।

इस तरह देखें तो यह रिपोर्ट आंखें खोल देने वाली है। यह शीशे की तरह एकदम से साफ है कि पिछले कुछ समय से इस तरह के हेट स्पीच से समाज को रोजाना दो-चार होना पड़ रहा है। निचले स्तर की बात छोड़ दें तो पाया यह गया है कि ऊंचे स्तर पर बैठे लोग इस प्रवृत्ति को आगे बढ़ा रहे हैं। भाजपा से जुड़े लोग संसद हो या चुनावी मंच, धार्मिक समारोह हों या समाचार चैनलों पर होने वाली डिबेट, वे नफरती बयान देने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने देते। पिछले साल के जून में भाजपा की प्रवक्ता नुपूर शर्मा ने मोहम्मद पैग़म्बर के खिलाफ विवादास्पद बयान दिया था जिसके कारण अनेक अरब देशों में तक उनके खिलाफ रोष फैल गया था। पार्टी ने उन्हें निकाल दिया था। पश्चिम दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा द्वारा मुस्लिम दुकानदारों से सामान न खरीदने की अपील से भी लोगों में नाराज़गी फैली थी। केन्द्रीय मंत्री और हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर लोकसभा सीट के सांसद अनुराग ठाकुर ने रिठाली में एक भाषण में 'देश के गद्दारों को, गोली मारो ...को' कहकर नफरती माहौल पैदा किया था। निर्वाचन आयोग ने उन पर 72 घंटे का प्रतिबन्ध लगाया था और भाजपा ने दिखावे के लिये उन्हें स्टार प्रचारकों की सूची से निकाल दिया था। अलबत्ता, दिल्ली की एक कोर्ट ने उन्हें व प्रवेश वर्मा के खिलाफ हेट स्पीच के मामले यह कहकर खारिज कर दिये थे कि 'चूंकि यह बात मुस्कुरा कर कही गई थी इसलिये कोई अपराध नहीं बनता।' 20 करोड़ मुस्लिमों की हत्या करने की बातें साफ तौर पर और धर्म संसद के खुले मंचों से की गई थीं।

वैसे तो पिछले कुछ वर्षों के ऐसे अनेक उदाहरण हैं लेकिन इनका समग्र असर कितना भयावह है, उसके लिये बहुत हाल की कुछ घटनाओं पर ही दृष्टिपात कर लेना काफी होगा। ऐसे भाषणों का परिणाम मणिपुर में देखा जा रहा है जो पिछले छह महीनों से साम्प्रदायिक हिंसा में लगातार जल रहा है। हिन्दू आदिवासी मैतेई और ईसाई आदिवासी कुकी लोगों के हिंसक टकराव से सैकड़ों लोग मारे गये हैं, लाखों बेघर हुए हैं और कई शिविरों में रह रहे हैं। लगभग पूरा राज्य अशांत घोषित कर दिया गया है। नूंह में हुए हिन्दू-मुस्लिम साम्प्रदायिक दंगों की आग अब भी पूरी तरह से बुझी नहीं है। कुछ अरसा पहले जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में रेलवे पुलिस के एक जवान द्वारा तीन मुस्लिम यात्रियों की सर्विस राइफल से हत्या भी हेट स्पीच का ही परिणाम है।

ताज़ा मामला संसद का है। नये भवन में हो रहे विशेष सत्र के अंतिम दिन (21 सितम्बर) की शाम को चन्द्रयान की सफलता पर हो रही चर्चा के दौरान दक्षिण दिल्ली के भाजपायी सांसद रमेश बिधूड़ी उस वक्त अपना आपा खो बैठे जब भारत में अंतरिक्ष विज्ञान की प्रगति का श्रेय प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को दिया जाने लगा। नाराज़ बिधूड़ी ने बहुजन समाज पार्टी को कई धर्मसूचक गालियों से नवाज़ दिया। उन्हें पार्टी ने कारण बताओ नोटिस तो थमाया है पर राजस्थान विधानसभा के चुनावों के लिये महत्वपूर्ण टोंक सीट का प्रभारी भी बना दिया है जो बताता है कि भाजपा का हेट स्पीच के मामलों में पूरा समर्थन है।

# चौपड़ के पासों पर राजस्थानी मतदाताओं की निगाहें

जयपुर का खूबसूरत परकोटा विश्व विरासत की महत्वपूर्ण धरोहर है और इसी परकोटे में वास्तुकार विद्याधरजी की बनाई चौपड़ भी है। यहां का बाज़ार चौपड़ की डिज़ाइन का है। वही चौपड़ जिस पर पांसे फेंककर कौरवों और पाण्डवों ने द्युत क्रीड़ा को अंजाम दिया था। उसके बाद फिर द्वापर युग की पूरी राजनीति बदल गई थी। यहां भी चुनावी राजनीति का रंग राजधानी जयपुर से जमना शुरू हो गया जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राहुल गांधी ने एक के बाद एक चुनावी सभाएं कीं। इन दोनों के आने से जनता के बीच भले ही कोई बड़ी हलचल न हुई हो लेकिन दलों के भीतर भूचाल आ गया है। मोदी के मंच पर दो बार की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को बोलने का मौका नहीं मिला, तो राहुल गांधी भी जाते-जाते बम फोड़ गए कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ तो हम जीत ही जाएंगे, राजस्थान में टक्कर कांटे की है। बेचारे अशोक गहलोत, जिन्होंने रेगिस्तान की धरती पर जितनी बारिश नहीं होती उतनी तो योजनाओं की बरसात कर दी है, केवल इतना ही कह पाए कि हम और मेहनत करेंगे। कोई बिरला ही नेता होगा जो सरेआम अपनी पार्टी के पीछे होने की बात कह जाए। रवायत तो यही है कि घर में चाहे दाने ना हों लेकिन भुनाने का ढोंग पूरा करना है। तय तो यह भी हो गया है कि यदि भारतीय जनता पार्टी राजस्थान जीतती है तो भी वसुंधरा मुख्यमंत्री नहीं बनेंगी।

राजस्थान बीते छह बार से एक बार कांग्रेस और एक बार भाजपा की सरकार बनाता आ रहा है। इस बार बारी भाजपा की है, शायद इसलिए भी भाजपा ने वसुंधरा राजे को हाशिये पर रखने का जोखिम लिया है जबकि आज भी वे ही प्रदेश की सबसे बड़ी नेता हैं। उनकी माता विजया राजे सिंधिया ने जनसंघ के ज़माने से पार्टी को पाला-पोसा है। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के साथ वे बड़ी नेता थीं। राजस्थान में वसुंधरा की मौजूदगी में भीड़ भी जुटती है इसलिये अगर वे परिवर्तन यात्राओं के केंद्र में होतीं तो कथा कुछ और होती। उनकी खासियत है कि वे कभी विरोधी के सामने गरिमा नहीं खोतीं। केंद्रीय नेतृत्व की अपेक्षा रहती है कि जोशीले और उकसाने वाले बयान प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व से भी आएं। वसुंधरा ने ऐसा तब भी नहीं किया जब उदयपुर में एक व्यक्ति की हत्या को पूरी तरह से सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश हुई थी। केंद्र को प्रभावित करने के लिए अन्य नेताओं ने लगातार तीखे बयान दिए थे और सनातन के मुद्दे पर भी हिंसक बयान दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ऐसी ही भाषा का प्रयोग किया। 'सनातन का विरोध करने वालों की ज़ुबान खींच ली जाएगी' और 'आंखें निकाल लेंगे' जैसे शब्द मंत्री ने अपनी सभा में कहे। आज की सियासत को यह गलतफ़हमी हो गई है कि केवल आक्रामक भाषा और इवेंटबाजी से ही चुनाव जीते जा सकते हैं। मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र की सरकारें असमय गिरा दी गईं लेकिन राजस्थान में यह मुमकिन नहीं हो सका। उसकी एक वजह वसुंधरा राजे की गंभीर राजनीति भी रही। जनता के मत का मान यहां दोनों ही पक्षों के नेता रखते हुए दीखते हैं। ज़ाहिर है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस सबसे खुश नहीं होता।

भाजपा को उम्मीद है कि किसी को चेहरा नहीं बनाने से उम्मीद से भरा हर चेहरा पार्टी के लिए काम करेगा- राज्यवर्धन सिंह राठौड़, गजेंद्र सिंह शेखावत, सीपी जोशी, राजेंद्र राठौड़ सब। पार्टी को भले ही इसमें लाभ दिखाई दे सकता है लेकिन जनता चेहरा चाहती है। जनता यह भी देखती है कि पार्टी का अपना विश्वास उनके अपने नेताओं में कितना है। हाल ही में वसुंधरा राजे ने जयपुर स्थित अपने निवास पर केवल महिलाओं की बैठक की थी और यह संख्या हज़ारों में थी। अभी से केंद्रीय नेता राजस्थान में लगातार डेरा डाले हुए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला आदि के दौरे भी लगातार जारी हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तो चुटकी भी ले चुके कि उपराष्ट्रपति अगर राष्ट्रपति बनेंगे तो भी हम स्वागत करेंगे लेकिन अभी मेहरबानी रखें। बार-बार, सुबह-शाम आ रहे हैं। इसका कोई तुक नहीं है। राजस्थान में चुनाव चल रहे हैं। बार-बार आओगे तो लोग क्या समझेंगे। ये संवैधानिक संस्थाएं हैं। इनका मान रहना चाहिए। जवाब में शेखावत ने कह दिया कि अब क्या राजस्थान आने के लिए गहलोत से वीजा लेना होगा? यूं देश के कुल चालीस दौरों में उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ 17 बार राजस्थान आए हैं। बहरहाल गृहमंत्री अमित शाह ने जयपुर में मेराथन मीटिंग कर टिकटों का हिसाब-किताब कर दिया है। पार्टी ने सी श्रेणी में 76 और डी में 19 सीटों को रखा है जहां वे कमज़ोर हैं। सी श्रेणी में वे सीटें शामिल हैं जहां पिछले तीन चुनावों में से एक बार भाजपा को जीत मिली है और डी में एक भी नहीं। ऐसे में पार्टी की क्या रणनीति होगी? बुधवार को ही एक नाम तुरंत सामने आ गया है। दक्षिण दिल्ली से सांसद रमेश बिधूड़ी अब टोंक ज़िले का मोर्चा संभालेंगे। टोंक गुर्जर और मुस्लिम बहुल क्षेत्र है जहां सचिन पायलट का करिश्मा काम करता है। भाजपा उस बिधूड़ी को यहां लाई है जिन्होंने लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी के सदस्य दानिश अली को उनके धर्म के नाम पर अपमानजनक शब्दों से संबोधित किया था। पार्टी ने उन्हें इनाम दे दिया है। पार्टी उग्र बयानवीरों को नवाज़ती है- यह इस संगठन के सदस्यों को खूब पता है। नया केवल इतना है कि अब 'लोकतंत्र का मंदिर' भी अखाड़ा है।


वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

भाजपा को उम्मीद है कि किसी को चेहरा नहीं बनाने से उम्मीद से भरा हर चेहरा पार्टी के लिए काम करेगा- राज्यवर्धन सिंह राठौड़, गजेंद्र सिंह शेखावत, सीपी जोशी, राजेंद्र राठौड़ सब। पार्टी को भले ही इसमें लाभ दिखाई दे सकता है लेकिन जनता चेहरा चाहती है। जनता यह भी देखती है कि पार्टी का अपना विश्वास उनके अपने नेताओं में कितना है।

राजस्थान में किसी एक के हक़ में कोई लहर नहीं है। वर्तमान विधानसभा में कुल दो सौ में कांग्रेस के पास 108 और भाजपा के पास 70 सीटें हैं। जनता गहलोत सरकार को सुस्त सरकार भी नहीं कह रही है। सचिन पायलट और गहलोत के गहरे मतभेदों ने पार्टी को कमज़ोर किया लेकिन फिलहाल सचिन पायलट शांत हैं। एक झटका कांग्रेस को उस वक्त लगा जब राजस्थान के बड़े जाट नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पौत्र वधु ज्योति मिर्धा ने बीते सप्ताह भाजपा का दामन थाम लिया। वे एक समय नागौर से सांसद रहीं लेकिन पिछले चुनाव में उन्हें राजस्थान की राजनीति में तेज गति से उभर रहे राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल ने हरा दिया। उससे पहले वे भाजपा से हारी थीं। बेनीवाल छोटी पार्टियों में सशक्त माने जाते हैं और स्पष्ट बहुमत न मिलने पर किसी की भी सरकार बनाने और बिगाड़ने का माद्दा रखते हैं। फिलहाल उनके तीन विधायक हैं। मध्यप्रदेश में 'लाड़ली बहना योजना' की चर्चा है तो यहां महिलाओं को स्मार्ट फ़ोन दिए जा रहे हैं। जिन्हें फ़ोन मिला है उन्होंने बताया कि इसमें अगले कुछ महीनों तक इंटरनेट मुफ्त है। यूं धरातल पर 'चिरंजीवी बीमा योजना' भी कारगर देखी जा रही है। एक मित्र ने हैरान होकर फ़ोन पर बताया कि जयपुर के एसएमएस अस्पताल में उसकी न्यूरो सर्जरी बिलकुल मुफ्त हो गई। इसका अर्थ यह कतई नहीं लगाया जाना चाहिए कि हर गरीब को इलाज मिल रहा है। वह अब भी बिना इलाज के मरने के लिए अभिशप्त है। सरकारों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जनता की सीधी पहुंच अस्पतालों तक हो। महिलाओं के लिहाज से राजस्थान अब भी सामंती राज्य है। बलात्कार, ऑनर किलिंग जैसे अपराध ज़्यादा हैं। सरकारों को इस पर बहुत काम करने की ज़रूरत है। गहलोत सरकार ने एक महकमा बनाया है जिसकी कमान वरिष्ठ आईपीएस के पास है। यह विभाग शादी के इच्छुक अलग-अलग बिरादरियों के युवा जोड़ों की मदद करता है। संभव है कि ऐसे महकमे जब वास्तव में सक्रिय होंगे तो ऑनर किलिंग के मामलों में कमी आएगी। अभी परिवार बच्चों के अन्यत्र शादी करने पर उन्हें बहिष्कृत कर देते हैं और बेटियों को जान से मारने में भी देर नहीं लगाते।

एड़ी-चोटी का ज़ोर लगा रही भारतीय जनता पार्टी के खेमे में उत्साह है क्योंकि यहां की जनता हर पांच साल में रोटी पलट देती है। इस हिसाब से अबकी भाजपा को उम्मीद है लेकिन वसुंधरा को कम तवज्जो मिलना तकलीफ़ पहुंचा सकता है। वे सीएम रह चुकी हैं और वर्तमान सरकार को सीधे चुनौती देकर बता सकती हैं कि उनके कार्यकाल में किन योजनाओं ने बेहतर किया और गहलोत सरकार ने कहां मात खाई है। अखबार दोनों दलों के बड़े-बड़े इश्तेहारों से अटे पड़े हैं। पीएम के साथ केंद्र की योजनाओं का बखान होता है तो दूसरी ओर सीएम राज्य की योजनाओं के गुणगान करते हैं। प्रधानमंत्री को इनमें भाग्य विधाता लिखा जाता है। मुकाबला पीएम बनाम सीएम का हो गया है। महिला आरक्षण बिल की गारंटी भी चर्चा में है। पीएम ने कहा है कि 'मोदी की गारंटी में लोगों को भरोसा है।' वैसे राजस्थान के भाजपा नेताओं को एक डर और सता रहा है कि कहीं यहां भी छाताधारी सांसद और बड़े नेताओं को न उतार दिया जाए। मध्यप्रदेश में यही हुआ है। नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, कैलाश विजयवर्गीय आदि समेत 7 सात सांसद अब विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। विजयवर्गीय तो राष्ट्रीय महासचिव भी हैं। ऐसा भाजपा ने पश्चिम बंगाल में भी किया था लेकिन नतीजे नहीं मिले थे। कर्नाटक में भी भाजपा का कोई सीएम चेहरा नहीं था। नतीजे वहां भी नहीं मिले। राजस्थान की जनता नेताओं को कसकर रखती है। वह चौपड़ पर फेंके जा रहे पांसों पर पैनी निगाह रखे हुए है।

**(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# विफलता की कहानी है मोदी के 'मेक इन इंडिया' के दस साल

■ गिरीश लिंगन्ना

मेक इन इंडिया' की दसवीं वर्षगांठ से पहले धूमधाम की स्पष्ट कमी यह संकेत देती है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने आखिर स्वीकार कर लिया है कि बड़े धूमधाम वाले प्रचार भी अब विनिर्माण क्षेत्र की खतरनाक गिरावट को छिपाने में प्रभावी नहीं हैं।

भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम मेक इन इंडिया ने 25 सितंबर को अपना दसवां वर्ष पूरा कर लिया, लेकिन भव्य आयोजनों और समारोहों के प्रति अपनी रुचि के लिए जानी जाने वाली सरकार में एक असामान्य चुप्पी छा गई।

भारी उत्साह के बीच, मेक इन इंडिया का उद्घाटन किया गया था, और सरकार ने अपने लिए तीन महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किये थे: 1. 12-14 फीसदी की वार्षिक विनिर्माण विकास दर प्राप्त करना, 2. 2022 तक सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र के योगदान को 25फीसदी तक बढ़ाना, और 3. 2022 तक विनिर्माण उद्योग में 10 करोड़ नौकरियां सृजित करना।

उत्सवों की अनुपस्थिति के लिए इस तथ्य को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है कि कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल नहीं हुई है। 2013-14 से विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर लगातार औसतन 5.9फीसदी रही है, 2022-23 में विनिर्माण की हिस्सेदारी 16.4फीसदी पर स्थिर रही। इसके अलावा, 2016 और 2021 के बीच विनिर्माण नौकरियों की संख्या आधी हो गई। मेक इन इंडिया दशक के दौरान, कार्यबल में विनिर्माण की हिस्सेदारी 2011-12 में 12.6 फीसदी से घटकर 2021-22 में 11.6फीसदी हो गई।

व्यापक बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा है, विशेषकर युवा स्नातक बेरोजगारी दर 42.3फीसदी तक है। इसका श्रेय इस तथ्य को दिया जा सकता है कि विनिर्माण क्षेत्र को वह गति नहीं मिल पाई है जो मिलनी चाहिए। हालांकि एपल का भारत में अपने उत्पादन कार्यों का विस्तार उत्साहजनक है, लेकिन यह पूरी तस्वीर प्रदान नहीं करता है। छिटपुट रूप से केवल कुछ फैक्टरियां बनाना समाधान नहीं है।

समग्र रूप से निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद, सरकार असाधारण घटनाओं को विशिष्ट परिणामों के रूप में प्रस्तुत करना जारी रखती है। उदाहरण के लिए, एपल के आईफोन निर्माण का मामला लें। यह बताया गया है कि एपल ने भारत में अपने आईफोन का उत्पादन तीन गुना कर दिया है, लगभग 7फीसदी डिवाइस अब देश में निर्मित किये जा रहे हैं। सरकार और उसके समर्थकों ने इन आंकड़ों को महत्वपूर्ण विनिर्माण कौशल के प्रमाण के रूप में प्रचारित करने का विकल्प चुना है। हालांकि, संख्याओं की एक सरसरी जांच ऐसे दावों को खारिज करने के लिए पर्याप्त है।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) विभिन्न उद्योग क्षेत्रों के विस्तार पर नज़र रखता है। भारत में, आईआईपी में मामूली वृद्धि देखी गई है, जो 2013-14 में 106.7 से बढ़कर 2022-23 में 138.5 हो गई है, जो औसत वार्षिक वृद्धि दर 2.9फीसदी है। हालांकि, एक मजबूत विनिर्माण क्षेत्र आमतौर पर 7-8फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर दर्शाता है। 2014 के बाद से, कई क्षेत्र चुनौतियों से जूझ रहे हैं और इन विकास अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर पाये हैं।

कठोर वास्तविकता यह है कि 2013-14 के बाद से विद्युत उपकरणों के विनिर्माण में -1.8फीसदी की औसत वृद्धि दर देखी गई है। इसी प्रकार, कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पाद क्षेत्र केवल 2 फीसदी की औसत दर से बढ़ा है, जबकि परिवहन उपकरण उद्योग ने 2.3फीसदी की वृद्धि दर का अनुभव किया है, और मोटर वाहन उत्पादन केवल 1.6फीसदी की दर से बढ़ा है। कपड़ा, परिधान और चमड़ा उद्योगों के लिए, जो परंपरागत रूप से रोजगार सृजन के स्रोत रहे हैं, ने क्रमशः -0.5फीसदी, 1.2फीसदी और -1.8फीसदी की वृद्धि दर दिखाई है।

व्यापक बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा है, विशेषकर युवा स्नातक बेरोजगारी दर 42.3फीसदी तक है। इसका श्रेय इस तथ्य को दिया जा सकता है कि विनिर्माण क्षेत्र को वह गति नहीं मिल पाई है जो मिलनी चाहिए। हालांकि एपल का भारत में अपने उत्पादन कार्यों का विस्तार उत्साहजनक है, लेकिन यह पूरी तस्वीर प्रदान नहीं करता है।

छिटपुट रूप से केवल कुछ फैक्टरियां बनाना समाधान नहीं है। भारत को विभिन्न राज्यों में फैली सैकड़ों नई फैक्टरियों की स्थापना की आवश्यकता है, जो आबादी के विभिन्न वर्गों की जरूरतों को पूरा करने वाली वस्तुओं का उत्पादन करती हैं। उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण से यह स्पष्ट होता है कि इस क्षेत्र ने अपनी सारी शक्ति खो दी है।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के नेतृत्व में, कारखानों की संख्या में लगभग 100,000 की वृद्धि हुई थी। वर्ष 2013-14 और 2019-20 के बीच, यह वृद्धि काफी धीमी हो गई, मोदी सरकार के तहत केवल 22,000 कारखानों की वृद्धि हुई है। यूपीए काल के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से रोजगार के अवसर बढ़े, कारखाने में रोजगार 6.2फीसदी की वार्षिक दर से बढ़ता रहा। मोदी सरकार के कार्यकाल में यह विकास दर गिरकर 2.8फीसदी पर आ गई। इसी तरह, यूपीए के तहत श्रमिकों की मजदूरी 17.1फीसदी की वार्षिक दर से बढ़ी, लेकिन 2014 के बाद से घटकर 8.4फीसदी हो गई।

यूपीए के नेतृत्व में फैक्ट्री का मुनाफा 18.9फीसदी की वार्षिक दर से लगातार बढ़ रहा था, जबकि अब यह घटकर मात्र 0.6फीसदी रह गया है। मजबूत नीति निर्माण पर मार्केटिंग और नारों को तरजीह मिलने से पहले के युग में, सरकार ने लगन से अपनी जिम्मेदारियां निभाईं और परिणाम स्वयं स्पष्ट हैं। अधिक कारखानों की स्थापना, अधिक श्रमिकों के रोजगार, कर्मचारियों के लिए उचित वेतन और मालिकों के लिए पर्याप्त मुनाफे में वृद्धि हुई। इस अनुकूल माहौल ने उद्योगों को बनाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा ई क्षेत्र में महत्वपूर्ण निवेश हुआ। यूपीए के दौरान सकल पूंजी निर्माण का औसत प्रभावशाली 21.3फीसदी था, लेकिन तब से यह नकारात्मक हो गया है, -0.7 फीसदी पर।

निवेश की अनुपस्थिति सरकार की नीतियों में घटते विश्वास का स्पष्ट संकेतक है। एक साल पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विनिर्माण क्षेत्र में निवेश करने की अनिच्छा के लिए उद्योग जगत के नेताओं को फटकार लगाई थी और उनसे झिझक के अपने कारण साझा करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा, 'मैं इंडिया इंक से सुनना चाहती हूं, आपको क्या रोक रहा है? हम उद्योग को यहां निवेश करने के लिए सब कुछ करेंगे... ।' यह अनिश्चित है कि उन्हें उस दिन कोई प्रतिक्रिया मिली या नहीं, लेकिन हम जो जानते हैं वह यह है कि अर्थव्यवस्था अभी भी मांग की कमी से जूझ रही है। विनिर्माण में निवेश की कमी का कारण वस्तुओं और सेवाओं की अपर्याप्त मांग है।

यदि विमुद्रीकरण और अपर्याप्त रूप से डिजाइन किये गए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसी नीतिगत त्रुटियां न होतीं तो विनिर्माण क्षेत्र ने शायद एक अलग रास्ता अपनाया होता। उत्तरार्द्ध का सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार के उद्यमों (एमएसएमई) के संकीर्ण लाभ मार्जिन पर विशेष रूप से कठोर प्रभाव पड़ा। मार्च 2020 में अचानक, अनियोजित कोविड-19 लॉकडाउन की घोषणा से सुधार के कोई भी मामूली संकेत नष्ट हो गये। दुर्भाग्य से, सरकार की प्रतिक्रिया कमज़ोर रही है। उच्च आयात शुल्क लगाना और लाइसेंसिंग आवश्यकताओं को लागू करना उन व्यवसायों या विदेशी निर्माताओं के बीच विश्वास को प्रेरित करने में विफल रहता है जो अपनी 'चाइना प्लस वन' रणनीति के हिस्से के रूप में अपने संचालन में विविधता लाने की कोशिश कर रहे हैं।

भारत पर कमजोर विनिर्माण क्षेत्र का प्रतिकूल प्रभाव आंकड़ों से कहीं अधिक है। दिलचस्प बात यह है कि सरकार की आर्थिक नीतियों की सबसे तीखी आलोचना अनजाने में विदेश मंत्री एस जयशंकर की ओर से आई। इस साल की शुरुआत में एक साक्षात्कार में, जयशंकर ने खुले तौर पर स्वीकार किया कि चीन की आर्थिक ताकत इस बात को प्रभावित करती है कि सरकार सीमा उल्लंघन को कैसे संबोधित करती है। मंत्री के इस पराजयवादी रुख का हमारी राष्ट्रीय स्थिति और हमारे सुरक्षा बलों के मनोबल पर असर पड़ा है और इसने सरकार के भीतर ही सवाल खड़े कर दिये हैं।

एक दशक के दौरान किसी नीति का मूल्यांकन करने से मूल्यांकन के लिए पर्याप्त समय मिलता है। जब कोई कार्यक्रम लगातार अपने उद्देश्यों से पीछे रह जाता है, तो यह एक संकेत के रूप में काम कर सकता है कि इसे अधिक प्रभावी दृष्टिकोण के पक्ष में अलग करने का समय आ गया है।

## 1 अक्टूबर अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस

# वृद्धों के प्रति धारणा बदलने की जरूरत

हम प्रतिवर्ष बुजुर्ग दिवस अथवा वृद्ध दिवस की एक थीम लेकर चलते हैं। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ में जो थीम दी है वह-'बुजुर्ग लोगों के लिए मानवाधिकार की सार्वभौम घोषणा के वादों को पूरा करना' के रूप में सामने लाई गई है। बुजुर्ग हमारे घर-परिवार और जीवन की मजबूत नींव होते हैं, जिन्हें हम उस जड़ के रूप में समझ सकते हैं- जिसके बिना समाज रूपी पेड़ खड़ा नहीं हो सकता, सूख जाएगा। वास्तव में अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस की शुरुआत 1991 में इसी सोच के साथ की गई थी कि- दुनिया भर में बुजुर्गों को उनका सही स्थान मिले। वे एक सम्मानजनक जीवन जी सकें। उनके हिस्से की सारी खुशियां उन्हें मिल सकें। हम देख रहे हैं इस डिजिटल युग में पुरानी व नई पीढ़ी के मध्य नैतिक मूल्यों का संतुलन पूरी तरह डगमगा गया है! हमारे बुजुर्गों को जिस उम्र में संवेदना की सबसे ज्यादा जरूरत है,उस उम्र में उन्हें कोई सुनने वाला तक नहीं है। यह बुजुर्गों के जीवन का सबसे बड़ा संकट है। जीवन की सुनहरी संध्या में एक वृद्ध को जिस लगाव, स्नेह और अपनेपन की जरूरत है- उसे उसका परिवार चाहे तो यह सब दे सकता है, किंतु बिगड़ी जीवन शैली के चलते बेटा-बहू सहित पोते-पोतियों का व्यवहार बुजुर्गों को और अधिक दुखी करता दिख रहा है। हम अपने इतिहास को खंगाले तो यह बात सामने आती है कि भारतीय समाज में वृद्धों को सदैव आदर के साथ सर्वोच्च सम्मान मिलता रहा है। वे दया के पात्र नहीं वरन पारिवारिक संरचना के अधिकार संपन्न मुखिया रहे हैं। वृद्ध हमारे लिए कभी भी समस्या नहीं रहे। उनके ज्ञान, अनुभव, कार्य-व्यवहार और कौशल से हमने प्रेरणा लेकर अपने जीवन की बगिया को सींचा है। मैं फिर किसी कवि की लाइनों में खो गया हूं-

खुद को भूल गए जो, तुम्हें कुछ बनाने में,
कुछ पल उनके साथ, बिता कर तो देखिए।
थकी आंखों, कांपते हाथों से नजरें न चुराओ,
खुद को भी इस रूप में, बिठाकर तो देखिए।

वर्तमान में जो दृश्य रोज सामने आ रहे हैं , वे भयाक्रांत करने वाले हैं। वृद्धजनों तथा वर्तमान पीढ़ी के बीच वैचारिक अंतराल ही एक बड़ी समस्या है। दोनों का ही सोचने का अपना अलग नजरिया है। ऐसे में कई बार वृद्ध-जन खुद को पारिवारिक रूप से उपेक्षित महसूस करते हैं। ऐसे संवेदनशील मामले में समाज को गंभीरतापूर्वक विचार कर समाधान निकालने की मुकम्मल कोशिश जरूर करनी चाहिए। वृद्धों का समाज हमारे लिए पारंपरिक ज्ञान का कल्पवृक्ष है, जिसे हमें संरक्षित करने की नितांत जरूरत है।

मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि पुरानी और नई पीढ़ी के मध्य नैतिक मूल्यों का संतुलन साध कर बुजुर्गों को सम्मानजनक जीवन दिया जा सकता है ।

**सूर्यकांत मिश्रा**

## आपके पत्र

# कितना सफल हुआ खुले में शौच से मुक्ति का अभियान ?

2011 की जनगणना के अनुसार देश के 53.1 प्रतिशत घरों में शौचालय नहीं था। जिसकी वजह से महिलाओं और लड़कियों को सबसे ज्यादा मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। खुले में शौच जाने से महिलाओं और लड़कियों को न केवल मानसिक प्रताड़ना से गुज़रना पड़ता है बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। घर में शौचालय न होने की वजह से लड़कियां और महिलाएं सुबह सूरज निकलने से पहले घर से दूर शौच के लिए जाती हैं और फिर पूरे दिन वह जाने से परहेज़ करती हैं। इसकी वजह से उन्हें कई प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। दिन में शौच से बचने के लिए वह काफी कम मात्रा में भोजन ग्रहण करती हैं जिससे कई महिलाएं और किशोरियां कुपोषण का शिकार हो जाती हैं। घर में शौचालय न होने का सबसे अधिक खामियाजा गर्भवती महिलाओं को उठाना पड़ता है। जिसका असर उनके प्रसव में नज़र आता है।

घर में शौचालय की कमी का एक उदाहरण राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक के बिंझरवाड़ी गांव में देखने को मिलता है जहां कई घरों में शौचालय व्यवस्था न होने के कारण लोग परेशान हैं। हालांकि 3 अप्रैल 2018 को ही राजस्थान की तत्कालीन सरकार ने सभी 43 हज़ार 344 गांवों, के साथ-साथ 295 पंचायत समितियों और 9894 ग्राम पंचायतों को खुले में शौच से मुक्त घोषित कर दिया था। इसका अर्थ है कि गांवों के सभी घरों में शौचालय का निर्माण किया जा चुका है लेकिन ज़मीनी हकीकत में यह शत-प्रतिशत सच नहीं है।

गांव के एक सामाजिक कार्यकर्ता मनी राम बताते हैं कि जब गांव के अधिकतर घरों में शौचालय नहीं था उस समय महिलाओं और किशोरियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था जिसकी वजह से वह बीमार और कुपोषित रहती थीं। मनी राम के अनुसार 2014-15 के आंकड़ों के मुताबिक गांव के 90 प्रतिशत घरों में शौचालय नहीं थे। इस समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने गांव वालों को घर में शौचालय निर्माण के लिए प्रेरित किया। उन्हें न केवल घर में शौचालय होने के लाभों से अवगत कराया बल्कि शौचालय बनाने के लिए उन्होंने लोन की व्यवस्था भी करवाई। उन्होंने गांव के एसएचजी की सहायता से उन्हे 10000 का लोन दिलवाया। जिसके बाद गांव के कुछ घरों में शौचालय का निर्माण शुरू हुआ।

वह बताते हैं कि शुरू में अज्ञानतावश लोगों ने घरों में शौचालय निर्माण का विरोध भी किया गया और इसे परंपरा के विरुद्ध भी बताया लेकिन वह लगातार लोगों को इस दिशा में जागरूक करते रहे। धीरे-धीरे गांव वालों को घर में शौचालय की महत्ता समझ में आने लगी। आज बिंझरवाड़ी गांव के लगभग सभी घरों में शौचालय का निर्माण किया जा चुका है। जबकि जिन घरों में अभी तक शौचालय नहीं बने हैं मनी राम उन्हें भी इसके लिए जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि गांव की सभी महिलाओं और किशोरियों को खुले में शौच से मुत्त्वि मिल सके।

ऐसे में इस बात का ख्याल रखना ज़रूरी है कि सरकार की इतनी बड़ी योजना के तहत चलाये जा रहे अभियान से कोई घर वंचित न रह जाए। इसके लिए पंचायत स्तर पर बारीकी से नज़र रखने की ज़रूरत है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने पिछले माह के अंत में जारी बुलेटिन में कहा था कि देश में कुल चार लाख 31 हज़ार 350 से अधिक गांवों ने स्वयं को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है। यह एक सुखद संदेश है।

**खुशी यादव, बीकानेर, राजस्थान**

## केक काटकर शहरवासियों को दी पर्यटन दिवस की बधाई

# सामाजिक संस्था आधार ने मनाया विश्व पर्यटन दिवस



**पन्ना, देशबन्धु।** मप्र टूरिज्म बोर्ड और आधार संस्था द्वारा महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना कार्यक्रम के अंतर्गत पन्ना की मठिया तालाब पास विश्व पर्यटन दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में कोतवाली पन्ना से उर्मिला चौधरी द्वारा केक काटकर सभी को बधाई दी गई। पन्ना पर्यटन को किस प्रकार से दिया जाए एवं पर्यटन के अलग-अलग क्षेत्र में महिलाएं कैसे काम करेगी कार्यक्रम के दौरान चर्चा की गई। शासकीय विभाग के अधिकारियों द्वारा महिलाओं को पर्यटन क्षेत्र से जोड़े रखने के लिए आधार संस्था द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान ही पर्यटन स्थल पन्ना में चल रही कौशल प्रशिक्षण लेने वाली महिलाएं ट्रैवल एंड टूरिज्म, ऑनलाइन टिकिटिंग एवं फ्रंट ऑफिस वाली महिलाओं के सर्टिफिकेट का वितरण उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का परिचय देते हुए आधार संस्था प्रमुख मेहरुन सिद्दीकी द्वारा बताया कि विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि महिलाओं को पर्यटन के क्षेत्र में और अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाये जाये संस्था पन्ना में महिलाओं के लिये कई प्रकार के प्रशिक्षिणों का आयोजन करती है ताकि पन्ना की महिलाओं को पर्यटन के क्षेत्र में सशक्त बनाया जा सके। कार्यक्रम में पीडब्ल्यूडी से नानूराम, कोतवाली पन्ना से सर्वेंद्र कुमार, सलीम खान, प्रोफेशनल कंप्यूटर से पवन मिश्रा, आशा कंप्यूटर सेंटर खजुराहो से कपिल खरे कार्यक्रम में उपस्थित हुए। आधार संस्था से सपना शुक्ला, अदनान उल्ला खान, इब्राहिम का विशेष सहयोग रहा।

## अकीदत के साथ मनाया गया ईद मिलादुन्नबी का पर्व

# आतिशबाजी, डीजे के साथ जगह-जगह बांटा गया लंगर



**पन्ना, देशबन्धु।** देश प्रदेश के साथ-साथ पन्ना जिला मुख्यालय में भी जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व परंपरागत तरीके के साथ मनाया गया। इस पर्व को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोगों में सुबह से ही खासा उत्साह देखा गया। पूरी दुनिया के लिए प्रेम और शांति का संदेश लाने वाले, दुनिया को इंसानियत का पाठ पढ़ने वाले हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिन पन्ना शहर में मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा आतिशबाजी, डीजे में नात शरीफ की धुनो, जगह-जगह लंगर का इंतजाम और केक काटकर मनाया गया। जुलूस का आगाज शहर की गुलनायची मस्जिद से बाद नमाज जोहर किया गया जिसने कोतवाली चौराहा, गोविंद जी चौक, बड़ा बाजार, अजयगढ़ चौराहा होते हुए पूरे शहर का भ्रमण किया गया। उल्लेखनीय की आज के ही दिन पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिवस अरब के मक्का स्थित जगह पर 5 जून 570 ईस्वी को हुआ था। उन्हें की याद में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व दुनिया भर में अकीदत के साथ मनाया जाता है। सलेहा, मुड़वारी, पवई साहित जिले भर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्यौहार शांति प्रिय ढंग से मनाया गया। इस दौरान हाफ़िज़ बिलाल साहब, हाफिज, मौलाना अब्दुल रहूफ साहब, शमीम अहमद फारूकी, हाफ़िज़ शाहिद रजा, इलियास राईन मिस्टर भाई, जुबैर खान, रिजवान खान, डॉ. सरफराज फारूकी, मुहीब रजा खान, कृष्ण कुमार चौरसिया, अकरम खान साहित हजारों मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे। वहीं पुलिस व्यवस्था भी काबिले तारीफ रही।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ./स.) टीकमगढ़ म.प्र.

सर्किट हाउस के पास, सिविल लाईन टीकमगढ़ म.प्र.-फैक्स नं. 07683-242321

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 14/2023-24/टे.लि. टीकमगढ़ दिनांक 26.09.2023**

मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल की दर अनुसूची भवन एस.ओ.आर. दिनांक 18.09.2022 एवं सड़क एस.ओ. आर. दिनांक 25.03.2022 से प्रभावशील तथा निविदा सूचना जारी होने तक उसमें किये गये संशोधन सहित) मोहरबंद निविदाएं एपेन्डिक्स 2.10 निविदा प्रपत्र में म.प्र. शासन लो.नि.वि. मंत्रालय के आदेश क्र. ई-टेण्डरिंग /बी/19/2009/1086 दिनांक 06.11.2012 एवं पत्र क्र. 3249/2016/19/ यो दिनांक 09.06.2016 के सरल क्र. 2 के अनुक्रम में आमंत्रित की जाती है । प्रपत्र में दर्शाये गये कार्यालय में निविदाएं पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विभाग पोस्टल बिलंब के लिये जिम्मेदार नहीं होगा।

| स. क्र. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र की राशि (रू.) | 1- ठेके की अनु. राशि (रू.) 2- अमानत राशि (रू.) | कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं दिनांक | 1- निविदा प्राप्ती का दिनांक 2-कार्यालय का नाम | 1- निविदा खोलने का दिनांक 2- कार्यालय का नाम | 1- कार्य पूर्ण करने की अवधि 2- ठेकेदार की श्रेणी 3- आमंत्रण क्र. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सामुदायिक भवन की मरम्मत का कार्य, जानकी बाग मंदिर के पास अम्बेडकर तिराहा टीकमगढ़ (विधायक निधि) | 1000/- | 1- 85000/- 2- 1700/- | 10.30 AM से 5.30 PM तक दिनांक 27.09.2023 से 03.10.2023 तक | 1- 04.10.2023 से 07.10.2023 तक (कार्यालय समय पर) 2- कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. टीकमगढ़ | 1- 09.10.2023 2- कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. टीकमगढ़ | 1- एक माह वर्षाकाल सहित 2- केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत 3- प्रथम आमंत्रण |
| 2 | दालान का निर्माण कार्य, शिव मंदिर के पास हाउसिंग बोर्ड कालोनी वार्ड नं. 23 टीकमगढ़ (विधायक निधि) | 1000/- | 1- 85000/- 2- 1700/- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | 1- दो माह वर्षाकाल सहित 2- केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत 3- प्रथम आमंत्रण |
| 3 | दालान का निर्माण, पुराना बस स्टैण्ड परिसर, पीपल के पेड़ के नीचे, शिव मंदिर के पास टीकमगढ़ (विधायक निधि) | 1000/- | 1- 85000/- 2- 1700/- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | 1- दो माह वर्षाकाल सहित 2- केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत 3- प्रथम आमंत्रण |
| 4 | सीमेन्ट कांक्रीट निर्माण कार्य विंध्यवासिनी माता मंदिर के पास कुशवाहा बस्ती अनगढ़ा वार्ड नं.-1 टीकमगढ़ (विधायक निधि) | 1000/- | 1- 106000/- 2- 2120/- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | 1- एक माह वर्षाकाल सहित 2- केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत 3- प्रथम आमंत्रण |
| 5 | सामुदायिक भवन का निर्माण (गल्ला-दलहन-तिलहन व्यापार संघ रेस्ट हाउस) कृषि उपज मण्डी परिसर टीकमगढ़ (विधायक निधि) | 1000/- | 1- 169000/- 2- 3380/- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | 1- दो माह वर्षाकाल सहित 2- केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत 3- प्रथम आमंत्रण |
| 6 | नगर जतारा में न्यायालय परिसर में अधिवक्ता एवं पक्षकारों के बैठने के लिए भवन का निर्माण (सांसद निधि) | 2000/- | 1- 847000/- 2- 16940/- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | 1- चार माह वर्षाकाल सहित 2- केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत 3- प्रथम आमंत्रण |
| 7 | ग्राम मडोर पूर्वी में हरिजन बस्ती में चबूतरा निर्माण कार्य (विधायक निधि) | 1000/- | 1- 85000/- 2- 1700/- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | 1- एक माह वर्षाकाल सहित 2- केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत 3- प्रथम आमंत्रण |
| 8 | ग्राम कुंवरपुरा जंगल ग्राम पंचायत ढिमरपुरा में उत्तरमुखी हनुमान मंदिर के पास दालान का निर्माण कार्य (विधायक निधि) | 1000/- | 1- 169000/- 2- 3380/- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | 1- दो माह वर्षाकाल सहित 2- केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत 3- प्रथम आमंत्रण |
| 9 | ग्राम कुंवरपुरा जंगल ग्राम पंचायत ढिमरपुरा में गौशाला के समीप स्थित हनुमान मंदिर के पास दालान का निर्माण कार्य (विधायक निधि) | 1000/- | 1- 169000/- 2- 3380/- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | 1- दो माह वर्षाकाल सहित 2- केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत 3- प्रथम आमंत्रण |
| कार्य की शुद्ध लागत - | (रू. अठारह लाख मात्र) | | | | | | |

1- अव्यवहारिक दरें प्राप्त होने पर मध्यप्रदेश शासन लो.नि.वि. के पत्र क्रमांक एफ-53/02/2011/यो/ 19/2822 दिनांक 10.08.2022 के अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

2- भवन निर्माण कार्य की परफारमेंस गारण्टी की अवधि मध्यप्रदेश शासन लो.नि.वि. के पत्र क्रमांक-1401/1246/2018/यो/19 दिनांक 06.04.2018 के अनुसार शर्त मान्य की जावेगी।

**टीप**-1. कोरे निविदा प्रपत्र निर्धारित राशि के भुगतान कर कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संभाग टीकमगढ़ से कार्यालयीन समय में प्राप्त किये जा सकते है। उक्त राशि वापसी योग्य नहीं है।

2. निविदा की वैधता खोले जाने की दिनांक से 120 दिन तक की होगी।
3. यदि निविदा प्राप्त होने/खोलने का दिवस शासकीय अवकाश होता है तो अगले कार्य दिवस में कार्यवाही संपादित की जायेगी।
4. निविदा प्रपत्र क्रय के लिये निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य है, यदि निर्धारित दस्तावेज ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो निविदा प्रपत्र उन्हें नहीं दिया जायेगा ।

(i) उचित श्रेणी में पंजीकृत प्रमाण पत्र की प्रति। फर्म होने की दशा में साझेदारी की डीड प्रस्तुत करना होगी।
(ii) वर्तमान आयकर चुकता प्रमाण पत्र एवं जी.एस.टी, चुकता प्रमाण पत्र।
(iii) निविदा पंजीकृत डाक से प्राप्त होने पर वह चपड़ी अथवा टेप से सील बन्द होने पर मान्य किया जायेगा।
(iv) निविदा से सम्बन्धित कागजात किसी भी कार्य दिवस में पढ़े व देखे जा सकते है।
(v) निविदा के साथ धरोहर राशि समायोजन हेतु आवेदन मान्य नहीं किया जावेगा। धरोहर राशि का एफ.डी.आर. ही मान्य किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग ( भ./स. ) टीकमगढ़ संभाग टीकमगढ़**

**जी-20523/23**



## कार्यालय संयुक्त संचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सागर संभाग सागर

दूरभाष / फैक्स क्रमांक- 07582-223524 E-MAIL-pswsag@mp.nic.in

क्रमांक/स्था./2023/ 2691 सागर, दिनांक 27.09.2023

**संक्षिप्त विज्ञप्ति**

जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र जिला सागर के लिये कुल 05 पदों पर एक वर्ष की संविदा अवधि पर निर्धारित मानदेय पर कार्य करने के इच्छुक पात्र आवेदकों से आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते है। आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक **06.10.2023** सायं 05.30 तक (अवकाश के दिनों को छोडकर) जमा कराना होगा। समायवधि के बाद आवेदन पत्र प्राप्त होने पर आवेदन मान्य नहीं होगा। पदों की योग्यताए, शर्ते एवं मानदेय नीचे दर्शाये अनुसार है।

| क्रं. | पद का नाम | पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | निर्धारित मानदेय |
|---|---|---|---|
| 1 | सीनियर फिजियोथेरापिस्ट/ आक्यूपेशन थेरापिस्ट | फिजियोथेरेपिस्ट 01 अनिवार्य योग्यता बीपीटी ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट 01 अनिवार्य योग्यता बीओटी औचित्य - पीटी और ओटी दोनों पूरी तरह से अलग-अगल विषय हैं और दोनों की दिव्यांगता पुनर्वास में बहुत महत्वपूर्ण और अलग-अलग भूमिकाएं है | 20500/- |
| 2 | सीनियर स्पीच थेरापिस्ट / ऑडियोलॉजिस्ट | ऑडियोलॉजी और स्पीच एंड लैंगवेज पैथोलॉजी (बीएएसएलपी) में स्नातक या बी.एससी स्पीच एंड हियरिंग | 20500/- |
| 3 | हियारिंग असिस्टेंट जूनियर स्पीच थेरापिस्ट (ईयर मोल्ड टेक्निशियन) | श्रवण यंत्रों की जानकारी / मरम्मत/ कर्ण मोल्ड बनाने के साथ वाक् एवं श्रवण में डिप्लोमा स्पीच एंड हियरिंग तकनीशियन पात्रता हियरिंग लैंगवेज और स्पीच में डिप्लोमा (डीएचएलएस) ईयर मोल्ड तकनीशियन पात्रता हियरिंग एंड रिपेयर और ईयर मोल्ड प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा (डीएचएआरईएमटी) | 16000/- |
| 4 | वेकेश्नल काउंसलर कम कम्प्यूटर असिस्टेंट | व्यावसायिक पुनर्वास में डिप्लोमा (डीबीआर) बाल मार्गदर्शन और परामर्श में एडवास्ड डिप्लोमा एडीसीजीसी पुनर्वास विज्ञान में स्तनातक | 14500/- |
| 5 | अटेंएडेंट कम प्यून कम मेसेन्जर | 8 वीं पास | 9500/- |

आवश्यक शर्ते :-

1. यह नियुक्ति पूर्णत: संविदा आधार पर एक वर्ष के लिए होगी एवं बिना सूचना के किसी भी समय समाप्त की जावेगी।
2. आयु एवं अन्य नियम राज्य सरकार के लागू होगे ।
3. नियुक्ति जिला दिव्यांग समिति द्वारा की जावेगी ।
4. भर्ती प्रक्रिया में समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा ।
5. आवेदन निर्धारित प्रारूप में पासपोर्ट साईज का फोटो स्वयं प्रमाणित, अंकसूची की प्रतिया, आयु, शैक्षणिक योग्यता, जाति, मूल निवास प्रमाण पत्र तथा रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति, एवं एक स्वयं का पता लिखा हुआ लिफाफा जिस पर रू.25/- का डाक टिकिट के साथ भेजे ।
6. संविदा चयन का आधार अर्हताकारी योग्यता और अनुभव की मेरिट के आधार पर रहेगा। दस्तावेज सत्यापन हेतु जिला प्रबंधन समिति द्वारा तिथि निर्धारित की जावेगी। आवेदक को दस्तावेज सत्यापन में शामिल किये जाने की सूचना आवेदकों के पत्राचार पते पर पंजीकृत डाक द्वारा दी जावेगी । आवेदक के समान अंक प्रतिशत होने पर अधिक आयु वाले आवेदक को वरीयता दी जायेगी ।
7. सत्यापन में उपस्थित आवेदकों को किसी प्रकार का यात्रा व्यय नहीं दिया जावेगा ।
8. एक आवेदक एक ही पद के लिए आवेदन करें।
9. जिला पुनर्वास केन्द्र / अन्य विभाग में पूर्व में पदस्थ कर्मचारी अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करें।
10. दिनांक 01.01.2002 के पश्चात जिन आवेदकों की 2 से अधिक संताने होगी वे भर्ती हेतु पात्र नहीं होगे।
11. निर्धारित योग्यता से कम योग्यता वाले आवेदन पत्र एवं शर्ते पूर्ण न होने की स्थिति में आवेदन स्वत: निरस्त माना जावेगा ।
12. आर. सी. आई. के जीवित प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
13. अन्य नियम व शर्ते शासन के निर्धारित मापदण्ड के अनुसार मान्य होगी।
14. उक्त पद एकांकी होने से आरक्षण प्रावधान से मुक्त होंगे।
15. उक्त पद पूर्णत: अशासकीय हैं। शासन पक्ष के विरूद्ध न्यायालय में कोई प्रकरण प्रस्तुत करने की स्थिति शून्य मानी जायेगी।
16. नियुक्ति में पात्र पाये जाने पर 15 दिवस में चरित्र सत्यापन रिपोर्ट एवं मेडिकल बोर्ड का मेडिकल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
17. मेडिकल प्रमाण पत्र एवं चरित्र सत्यापन रिपोर्ट अयोग्य पाये जाने पर बिना सूचना के नियुक्ति निरस्त कर दी जायेगी।
18. नियुक्त व्यक्ति के शैक्षणिक एवं अन्य आर्हताये संबंधि प्रमाण पत्र में किसी भी प्रकार की त्रृटी पाएं जाने पर सेवायें समाप्त कर दी जावेगी।
19. आवेदन पत्र स्वयं के हस्ताक्षर अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक **06.10.2023** को कार्यालयीन समय तक कार्यालय संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सागर संभाग सागर में अनिवार्यत: प्राप्त हो जाना चाहिए इसके उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संयुक्त संचालक,**
**सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण**
**सागर संभाग सागर**

**आवेदन पत्र**

प्रति,
संयुक्त संचालक
सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सागर संभाग सागर

[आवेदक का स्वयं द्वारा हस्ताक्षरित नवीन पासपोर्ट साईज का फोटो]

1. आवेदित पद का नाम.........................................
2. अभ्यर्थी का नाम .........................................
3. पिता/पति का नाम.........................................
4. आवेदक का पूर्ण पता.........................................
5. जन्म तिथि दिनांक.................. माह-.................................. वर्ष.....................................
6. वर्तमान पत्र व्यवहार का पूर्ण पता.........................................
7. आवेदक की जाति का विवरण (UR / SC/ST/OBC).........................................
8. शैक्षणिक योग्यताएं-

| क्रं. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | मण्डल / विश्वविद्यालय का नाम | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | विषय | श्रेणी | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

9. अनुभव-

| क्रं. | कार्य करने वाली संस्था का नाम / पता | कब दिनांक से कब दिनांक तक | कुल वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | |

10. आर. सी. आई. का रजिस्ट्रेशन नंबर.........................................
11. स्वप्रमाणित दस्तावेज संलग्न करें.........................................

**घोषण - पत्र**

मैं..........................पिता/पति................ यह घोषणा करता/करती हूं की उपरोक्त जानकारी जो मेरे द्वारा दी गई हैं वह पूर्ण सत्य हैं जानकारी असत्य पाए जाने की दशा में मेरा आवेदन पत्र निरस्त किया जा सकेगा तथा मेरे विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।

**आवेदक के हस्ताक्षर**
पूरा नाम ...............................
पता..................................
पिन कोड.........................
मोबाईल नम्बर................
ई-मेल आई.............

**जी-20459/23**


## प्रतिभा योजना के तहत आवेदन 30 तक

**भोपाल, देशबन्धु।** आदिम जाति कल्याण विभाग के माध्यम से क्रियान्वित योजनाओं के तहत प्रतिभा योजना वर्ष 2022-23 के लिए एमपीटॉस्क पोर्टल पर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर नियत की गई है। आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग की जिला संयोजक ने बताया कि जिले के अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों को लाभांवित करने हेतु संचालित प्रतिभा योजना का विकेन्द्रीकरण किया गया है जिसके तहत विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि का वितरण जिला स्तर से किया जाएगा। प्रतिभा योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया निर्धारित की गई है जिसके अनुसार आवेदक को एमपीटॉस्क पोर्टल पर आवेदन अंतिम तिथि तक करना अनिवार्य होगा। जिसके अंतर्गत आवेदक को स्कोर कार्ड इंस्टीटयूट एडमिशन रिसिप्ट अपलोड करना होगा।


## नाम परिवर्तन सूचना

रामसेवक आयु 75 वर्ष पिता जी दामोदर प्रसाद निवासी संजीवनी बाल आश्रम के पास रजाखेड़ी मकरोनिया सागर मैं उपरोक्त कथन करता हूँ- 1. यह कि मै उक्त वर्णित स्थान का निवासी हूँ। 2. यह कि मैं AOC सेना से आ./ना.सू. पद से सेवानिवृत्त हुआ हूँ मेरा आर्मी नं. 6899152N हैं। 3. यह कि मेरी पत्नी का सही व वास्तविक नाम मालती दुबे है, जो सही व सच सच है, एवं मेरी पत्नी की जन्मतिथि 10 नवम्बर 1953 है जो सच व सही है। जो नाम व जन्म तिथि पत्नी के जारी आधार कार्ड क्र. 8167 8499 8484 में दर्ज है। 4. यह कि त्रृटिवश सर्विस रिकार्ड मे मेरी पत्नी का नाम मालती दर्ज है तथा जन्मतिथि 05 अगस्त 1956 है इस कारण से संशोधित कर पत्नी का नाम मालती दुबे एवं जन्मतिथि 10 नवम्बर 1953 दर्ज किया जाये जो आवश्यक है।

विनीत - रामसेवक

दिनांक - 28.09.2023

( शिवदयाल बडोनिया ) शिवदयाल बड़ोनिया नोटरी सागर ( म.प्र. )



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड खुरई जिला सागर (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक (07581)-240050, E-mail-eephedkhurai@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों की निविदायें ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल पर खण्ड खुरई जिला सागर में निम्नलिखित कार्यों हेतु आमंत्रित की जाती है:-

| स. | निविदा क्रमांक/ दिनांक | सिस्टम क्रमांक | विकास खण्ड | ग्राम का नाम | निविदा की लागत (लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32/22.09.23 | 2023_PHED_ 310647_1 | बीना | Drilling of 20 Nos 150/125/115 mm dia ordinary tubewells 90 mtr. Deep and installation of Hand pump set with Resistivity Survey in Habitation for creation of Tubewell lncluding all allied works in Block Khurai and Malthone | 16.09 | 32180 | 2000 | 90 दिवस | नवीन केंद्रीकृत पंजीयन प्रणाली |
| 1 | 33/22.09.23 | 2023_PHED_ 310648_1 | खुरई | Drilling of 20 Nos 150/125/115 mm dia ordinary tubewells 90 mtr. Deep and installation of Hand pump set with Resistivity Survey in Habitation for creation of Tubewell lncluding all allied works in Block Bina and Khurai | 16.09 | 32180 | 2000 | 90 दिवस | -तदैव- |

| | | | |
|---|---|---|---|
| आनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि | : | 25.9.2023 | From 15.00 |
| आनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय कर अपलोड करने की अंतिम तिथि | : | 04.10.2023 | Upto 17.30 |
| आनलाईन निविदा खोलने की तिथि | : | 06.10.2023 | |

निविदा फार्म उपरोक्त वेबसाईट पर आफ लाईन क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शायी गयी वेबसाईट पर देखें।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड**
**खुरई जिला सागर ( म.प्र. )**

जी-20493/23

# जिला प्रशासन ने भटगौरा मामले के बाद भी नहीं लिया सबक

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** एक जमाने में शिक्षा गुरुओं के द्वारा मुफ्त में दी जाती थी, लेकिन आज के समय में शिक्षा बड़ा व्यापार बन चुका है। जहां खरगापुर,पलेरा नगर से लेकर क्षेत्र में शिक्षा के बाजार खोले गए हैं, लेकिन नियम कानून कायदों को ताक में रखकर अवैध आवासीय स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। लेकिन शिक्षा के बाजार में अवैध आवासीय स्कूल संचालित हो रहे है,वहीं बेहतर शिक्षा का प्रलोभन देकर बच्चों का प्रवेश करने वाले इन संस्थान के संचालकों द्वारा अभिभावकों की जेबों पर डाका डाला जा रहा है।

गौरतलब है कि पलेरा विकासखण्ड अंतर्गत भटगोरा गांव ग्राम पंचायत फूलपुर में 5 महीने पहले अवैध आवासीय पुष्पा कोचिंग सेंटर में छात्राओं से दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आने के बाद आरोपी के खिलाफ धारा 376, पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। जिसमें परिजनों ने थाना खरगापुर में रिपोर्ट की। बताया गया कि अवैध आवासीय स्कूल खरगापुर में वंदना कान्वेंट स्कूल पलेरा रोड़,राधाकृष्ण पब्लिक स्कूल थाने के सामने, स्वामी विवेकानंद हाई स्कूल जतारा रोड़,एसडी मॉडल स्कूल खरो रोड़ भेलसी,वात्सलय पब्लिक स्कूल पलेरा मार्ग, सरस्वती शिशु मंदिर इग्लिश इगलिश मिडिम स्कूल बालक छात्रावास के पीछे,और वहीं पलेरा विकासखंड में कल्पना हायर सेकंडरी स्कूल, दोणा कान्वेंट स्कूल,,ओसेनिम्क हायर सेकेंडरी स्कूल,लिटिल फ्लॉवर इत्यादि इलाकों में बिना मान्यता के आवासीय विद्यालय धड़ल्ले से चल रहे हैं। जबकि किसी भी स्कूल के पास अध्ययनरत छात्रों को ठहरने की मान्यता नहीं है। जिसमें अवैध आवासीय स्कूल संचालक छात्र छात्राओं के अभिभावकों से सलाना के हिसाब से तीस से लेकर पचास हजारों रुपए वसूलने वाली इन संस्थाओं को आवासीय बताकर स्कूल प्रबंधन मोटी रकम वसूल करते आ रहे है। जबकि वास्तविकता यह है कि आवासीय विद्यालयों का संचालन करने के अधिकार किसी के पास नहीं है,वहीं आवासीय स्कूल राजनेताओं के संरक्षण और पैसे के दम पर स्कूल का संचालन करते आ रहे है। लेकिन इन दिनों शिक्षा के माफिया सारी सुविधाओं के नाम पर बड़े पैमाने पर गोरखधंधा चला रहे हैं। इन अवैध आवासीय स्कूलों पर शिक्षा विभाग के आला अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।




### इनका कहना

शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत बिना मान्यता आवासीय विद्यालय का संचालन नही कर सकते है, पहली कक्षा से आठवीं तक जांच और कार्रवाई के लिए जिला शिक्षा अधिकारी और डीपीसी से बात करें, जांच उपरांत ही कार्रवाई की जाएगी।

**मनीष वर्मा**, जॉइंट डायरेक्टर शिक्षा विभाग, सागर

### विधायक ने किया भूमिपूजन

# जिला चिकित्सालय में बनेगा 50 बिस्तर नया वार्ड



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** क्षेत्रीय विधायक राकेश गिरी द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास को लेकर भूमि पूजन किये जा रहे हैं। गुरुवार को जिला चिकित्सालय में 50 बिस्तरीय, क्रिटिकल केयर वार्ड लागत 16 करोड़, ग्राम पंचायत ककरवाहा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, लागत 1.75 करोड, सीसी रोड निर्माण बिजी टोरिया, लागत राशि 10 लाख एवं स्वागत द्वार निर्माण लागत 4.50 लाख, टीकमगढ़ नगर के पुरानी टेहरी में पुल निर्माण कार्य लागत 2.41 करोड, सागर रोड पर स्थित गोंगाबेर मंदिर का सौन्दर्यीकरण लागत 10 लाख, वीरांगना अवंती बाई कन्या महाविद्यालय में खुली दालान निर्माण कार्य लागत 8 लाख, मुख्य द्वार निर्माण कार्य लाग 2 लाख तथा ग्राम पंचायत मवई में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण, इन सभी विकास कार्यों का जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठजनों के साथ विधि विधान से भूमि पूजन, लोकार्पण किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक राकेश गिरी ने बताया कि प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान द्वारा टीकमगढ़ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए विकास एवं निर्माण कार्यो के लिये राशि स्वीकृत की गई थी। जिसमें आज लगभग 20.50 करोड़ से अधिक की लागत राशि के निर्माण कार्यो का विधि विधान से भूमि पूजन कर दिया गया है साथ ही उन्होंने कहा कि यह सभी निर्माण कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ कर दिये जायेगे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत ककरवाहा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण हो जाने से ग्राम पंचायत सहित आसपास के क्षेत्रवासियों को प्राथमिकी उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ागांव या जिला चिकित्सालय नही जाना पडेगा। वहीं उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में भी क्रिटिकल केयर वार्ड 50 बिस्तर का भी आज भूमि पूजन किया गया। अब जिला चिकित्सालय में आने बाले मरीजों को और अच्छी सुविधाएं मिलेगी। इस अवसर पर प्रमोद खरे, जनपद उपाध्यक्ष ललित अहिरवार, मवई सरपंच सूर्यकांत शर्मा, राजकुमार गिन्नी यादव, श्याम यादव, सुशीला राजपूत, सरोज राजपूत, रोहित बैसाखिया, दामोदर अहिरवार, राकेश लोधी,भूपेंद्र लोधी,लखन सोनी,मानस लोधी, जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्तागण, ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिव, ग्रामवासी सैकडो की संख्या में उपस्थित रहे।

## ईदमिलादुन्नबी पर नगर में निकला जुलूस

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** नगर में ईद मिलाद उन नबी का जलसे का नगर परिषद कार्यालय के बाहर नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी विश्वदीपक मिश्रा एवं पार्षदों के द्वारा पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया है। नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी विश्वदीपक मिश्रा ने बताया कि सभी धर्म के लोगों को एक दूसरे धार्मिक आयोजनों त्योहारों का सम्मान करते हुए आपसी भाईचारे को बनाये रखना चाहिए, तभी हम एवं हमारा नगर खुशहाल रहेगा। हम सभी जाति एवं धर्म से ऊपर ऊठकर आपसी सौहार्द बनाकर रहे। इस मौके पर पार्षद संध्या चौरसिया, सुखवती आदिवासी, भगवानदास कुशवाहा, नारायणदास कुशवाहा, राजकुमार चौरसिया, रामेश्वर सेंन, दयाचंद राय आदि मौजूद रहे।

## सफाई कर्मचारी हड़ताल पर, सफाई व्यवस्था ठप्प

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** नगर के सफाई कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से नगर में गंदगी का माहौल बना हुआ है। गुरुवार को नगर परिषद के समस्त कर्मचारियों ने एक जुट होकर जिला कलेक्टर के नाम नगर परिषद सीएमओ को ज्ञापन सौपा। जिसमें उन्होंने बताया कि वह कई वर्ष से अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए शासन से अपील कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों को पूर्ण नहीं किया गया है। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन के आह्वान पर बल्देवगढ़ नगर परिषद में कार्यरत समस्त सफाई कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। उनके द्वारा बताया गया कि जब तक मांगों को स्वीकार नहीं किया जाता तब तक वह हड़ताल पर रहेंगे।

## अवैध देशी कट्टा 2 कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जतारा पुलिस ने अवैध देशी कट्टा व 2 कारतूस के साथ आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस को 27 सितम्बर को मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति अवैध 315 बोर का कट्टा लिए जतारा बाई पास के पास दिखा है। पुलिस ने उक्त सूचना पर तत्काल दबिश देकर आरोपी सुंदर पिता जसरथ प्रजापति निवासी करमौरा थाना जतारा को पकड़ा तलाशी लेने पर उसके पास से एक लोडेड 315 बोर का कट्टा और एक कारतूस मिला। आरोपी का कृत्य आर्म्स एक्ट के तहत दंडनीय होने से गिरफ़्तार कर न्यायालय पेश किया। जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी जतारा अरविंद सिंह दांगी उपनिरीक्षक मनोज दिवेदी, रुपेश, मनोज यादव, संतोष की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# मंडी परिसर दिगौड़ा में हुई नव ज्योति महिला संघ की संकुल स्तरीय संगठन की वार्षिक आमसभा

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** जिले के जतारा ब्लॉक में नव ज्योति महिला संघ संकुल स्तरीय संगठन दिगौड़ा की वार्षिक आम सभा मंडी परिसर दिगौड़ा में आयोजित की गई। इस सभा में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परियोजना प्रबंधक देवेंद्र श्रीवास्तव, जिला प्रबंधक कौशल विकास धर्मेंद्र काकोरिया, मध्यांचल ग्रामीण बैंक ब्रांच मैनेजर एन सी त्रिवेदी, थाना प्रभारी नीरज लोधी, महिला मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष हेमा बुखारिया उपस्थित रहीं। इस दौरान वार्षिक आमसभा के आयोजन में संकुल संगठन दिगौड़ा के अंतर्गत 29 ग्राम संगठनों के स्व सहायता समूह के सदस्य उपस्थित हुए। इस वार्षिक आम सभा में सर्वप्रथम माँ सरस्वती का पूजन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया एवं ज्योत से ज्योत जलाते चलो प्रार्थना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथियों का सीएलएफ़पदाधिकारियों एवं स्टाफद्वारा पुष्प माला से स्वागत किया गया। संकुल अध्यक्ष द्वारा संकुल की अब तक की प्रगति और कार्यों के बारे में बताया और सीएलएफ़के आय, व्यय व भुगतान की विस्तृत जानकारी दी गई। आगामी वित्त वर्ष की वार्षिक कार्य योजना पर चर्चा की गई और संकुल संगठनों को आगामी कार्य योजना बताई गई। सभी उप समितियो और कर्मचारियों के कार्यों की विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई। जिला परियोजना प्रबंधक ने समस्त दीदियों को लखपति क्लब में शामिल होने की बात कही एवं सभी परिवारों को समूह से जोड़े जाने पर जोर दिया।



मध्यांचल ग्रामीण बैंक के शाखा प्रवन्धक द्वारा नियमित बचत व ऋण वापसी एवं संबंधित योजनाओं से दीदियों को अवगत करवाया गया। समूह में जुड़ने के बाद दीदियों के जीवन में आए बदलाव की सफलता की कहानी का प्रस्तुतीकरण किया गया। सभी संगठनों के नियमपूर्वक संचालन और सभी संगठनों में नेतृत्व परिवर्तन और नियमित सामाजिक अंकेषण पर विस्तृत चर्चा की गई। सी.एल.एफ़प्रभारी शिवम पुरोहित द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों सहित समस्त संकुल संगठनों के सदस्यों का आभार व्यक्त किया। मंच का संचालन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर वित्तीय समावेशन राजपाल घोष द्वारा किया गया। इस वार्षिक आमसभा में ब्लॉक मैनेजर राजीव पटेरिया, जयराम खंगार, अनिल सखवार, श्रीमती वरुणा विश्वास और अन्य सहयोगी संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

# रजक समाज को अनुसूचित जाति में शामिल कराने चलाया अभियान

**पलेरा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में रजक समाज को न्याय दिलाने के लिए युवा रजक समाज टीकमगढ़ के द्वारा खूनी हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए दशरथ प्रसाद धनुषधारी ने बताया कि रजक समाज पिछले कई वर्षों से मध्य प्रदेश के संपूर्ण जिलों में अनुसूचित जाति में शामिल होने के लिए समय-समय पर अपनी मांग प्रदेश सरकार के समक्ष रखती आ रही है। 10 अप्रैल 2013 को विट्ठल मार्केट भोपाल में आयोजित रजक समाज की महापंचायत में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा रजक समाज को अनुसूचित जाति में शामिल किए जाने एवं उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए वादा किया गया था। जबकि इसी मध्य प्रदेश के तीन जिले ऐसे हैं। जहां पर रजक समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त है। सीहोर रायसेन एवं भोपाल जहां पर अनुसूचित जाति में शामिल है। युवराजक समाज की ओर से मुख्यमंत्री को खूनी हस्ताक्षर पत्र भेज कर पूर्व में किए गए अपने वादे को याद दिलाने के लिए खूनी हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के विधानसभा खरगापुर प्रभारी घनश्याम रजक उर्फबजाज रजक ने बताया कि अगर सरकार के द्वारा समय रहते हमारी बात नहीं सुनी, तो आने वाले विधानसभा चुनाव में रजक समाज का आक्रोश देखने को मिलेगा। केवल रजक समाज की एक ही मांग है कि प्रदेश के तीन जिलों के साथ संपूर्ण बाकी जिलों में भी रजक समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त हो, ताकि आने वाली पीढ़ी सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक तौर से अपने हक अधिकार को प्राप्त कर सके कार्यक्रम में उपस्थित ब्रजकिशोर रजक मातौल, तुलाराम रजक पूछा, पर्वत लाल रजक चोर टानगा, हरिओम रजक खरगापुर, सुंदर रजक देवेंद्र, विवेक, राजाराम रजक, राहुल, टिंकू रजक धर्म रजक राममिलन, रामादीन, कपिल, भूपेंद्र रजक, सुनील रजक एवं सामाजिक लोग अभियान में उपस्थित रहे।

# बिजली का करंट लगने से युवक की मौत

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** कस्बे के गायत्री मंदिर मुहल्ले के निवासी 22 वर्षीय युवक अमित विश्वकर्मा बिजली के करेंट की चपेट में आ गया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोग घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी पुलिस ने पंचनामा बनाकर मर्ग कायम किया व मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया।



मृतक के पिता मुकेश उर्फपप्पू विश्वकर्मा ने बताया कि मेरा पुत्र अमित विश्वकर्मा उम्र 22 साल बिजली फिटिंग व डीजे में कार्य करता था। आज सुबह वह गांव के सानू संज्ञा के मकान में बिजली सुधार का कार्य करने के लिए में गया था। जहां पर उसे बिजली का करेंट लग गया और वह घायल हो गया। वह लोग उसको तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। इस घटना को लेकर मृतक के परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल है, मुहल्ले व गांव में मातम छाया हुआ है। मृतक अमित की पिछले साल ही शादी हुई थी। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब है। अमित बिजली फिटिंग, नल फिटिंग व डीजे पर कार्य करता था। अमित की मृत्यु की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई, सोशल मीडिया पर उसके दोस्तों व जान पहचान वालों के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

# फ्रिज से शॉट सर्किट होने पर मकान में लगी आग

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** तहसील के अंतर्गत ग्राम बछोड़ा खास में बीती रात को फ्रिज में शॉट सर्किट होने की वजह से एक मकान में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने जब तक आग पर काबू पाया तब तक दो कमरों में रखा हुआ लाखों रुपए का घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट पुलिस थाना दिगौड़ा में की गई। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच शुरू कर दी। फरियादी व्यक्ति कमलेश पिता आशाराम घोष उम्र 43 साल निवासी बछोड़ा ने बताया कि 27 सितंबर बुधवार की रात को परिवार के सभी लोग खाना खाकर 10 बजे आगे वाले कमरे में सो गए थे। रात करीब 3 बजे पड़ोसी वहीद खान ने मुझे सूचना दी कि तुम्हारे पीछे वाले कमरों में आग लगी हुई है। तब मैं अपने परिवार सहित बाहर निकला और मुहल्ले के लोगों के सहयोग से बड़ी मुश्किल से कमरों में लगी आग को बुझाया गया। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक मेरे पीछे वाले कमरों में रखा फ्रिज, उर्दा, घर गृहस्थी का सामान, कपड़े, पलंग सहित अन्य सामान जलकर राख हो गए। मेरे मकान में रखे फ्रिज में शॉट सर्किट होने के कारण मेरे दो कमरों में आग लग गई जिससे मुझे करीबन 2 से 3 लाख रुपए की आर्थिक क्षति हुई है।



# अपनी आत्मा को परमात्मा बनाने का प्रयास करें: महाराज

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर के सभी 18 जैन मंदिरों सहित नंदीश्वर कॉलोनी स्थित आदिनाथ धाम त्रिकाल चौबीसी एवं नंदीश्वर मंदिर में 10 दिन से जैन समाज के सभी धर्मावलंबी भगवान की भक्ति में लीन होकर भगवान की आराधना कर रहे हैं। आज अनंत चतुर्दशी के साथ 10 लक्षण पर्व पूर्ण हुआ। कई श्रावक 10 दिन में 10 उपवास कर अपनी आत्मा को परमात्मा बनाने का प्रयास कर रहे हैं। कुछ लोग एकासान व्रत करके साधना कर रहे हैं। प्रदीप जैन बम्हौरी ने बताया कि गुरुवार को आदिनाथ धाम में प्रात: 6 बजे से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था। प्रात: 7 से अभिषेक एवं शांति धारा संपन्न हुई। 8 से मुनि सुब्रत नाथ भगवान, पारसनाथ भगवान एवं बासुपूज्य भगवान का महामस्तिकाभिषेक एवं शांति धारा सभी श्रद्धालुओं द्वारा की गई। इसके पश्चात बांसुपूज्य भगवान का निर्वाण कल्याणक भी मनाया गया भगवान के मोक्ष कल्याण के उपलक्ष में निर्वाण लाडू भी चढ़ाया गया। नय सागर महाराज के 10 लक्षण पर्व के अवसर पर 10 धर्म पर प्रतिदिन प्रवचन हो रहे हैं। आज महाराज ने अपने प्रवचनों के माध्यम से उत्तम ब्रह्मचारी धर्म के बारे में बतलाया कि साधक ने उत्तम क्षमा भाव के साथ अपनी मान, माया लोभ कषाय को जीता, उसके बाद सत्य, संयम, तप को अपना कर त्याग, आकिंचन्य भाव से समस्त परिग्रहों को त्याग कर अब उसके पास अपनी आत्मा में चर्या करके अपना उद्धार करना हैं, जो उसके जीवन का अंतिम लक्ष्य होता हैं। अपनी आत्मा में रमण करना ही ब्रह्मचर्य धर्म हैं। सुदर्शन सेठ के समान ब्रह्मचर्य व्रत का पालन प्रत्येक पुरुष को करना चाहिए। तथा सीता कितने ही दिनों तक रावण के कब्जे में रही आई, रावण ने सब तरह के प्रलोभन सीता के सामने रखे, अपनी बड़ी भारी विभूति और विद्याधरों के प्रभाव से उसे प्रभावित करना चाहा तथा बहुरूपिणी विद्या सिद्ध करके रावण ने सीता को अपने साथ विवाह करने के लिए अनेक भयानक दृश्य दिखलाये परंतु सीता के अटल ब्रह्मचर्य को वह जरा भी न डिगा सका। महाराज ने कहा कि जिसकी दृष्टि में वासना है वह उत्तम ब्रह्मचारी धर्म का पालन नहीं कर सकता इसलिए सबसे पहले दृष्टि की पवित्रता को उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म कहा गया है।



### सड़कों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

# धूमधाम से संपन्न हुआ गणेश विसर्जन

**पलेरा, देशबन्धु।** स्थानीय नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे गणेश महोत्सव कार्यक्रम के अन्तिम दिन तेज धूप के बीच गणेश विसर्जन बडे ही धूमधाम से किया गया। शोभायात्रा के दौरान चहुंओर गजानन के जयकारें भक्तो का उत्साह देखते ही बन रहा था। डीजे की धुन पर बज रहे धार्मिक गीतों से पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया।शोभायात्रा के दौरान रथो पर सुशोभित भगवान गणपति की सुन्दर प्रतिमाएं लोगो के आकर्षण का केन्द्र रही। पूजा अर्चना के साथ सभी प्रतिमाओं का विसर्जन श्री पठेश्वरी तालाब में किया गया। वहीं इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिये पुलिस प्रशासन भी काफी मुस्तैद रहा। नगर में चल रहे गणेश महोत्सव कार्यक्रम में कस्बे के कई स्थानो पर भगवान गजानन की प्रतिमाएं रखकर उनकी विधिवत पूजा-अर्चना की जा रही थी। गुरुवार को इन प्रतिमाओं की गाजे-बाजे के साथ विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गयी, दो-दो घोडे वाले रथ में विराजमान भगवान गणेश की प्रतिमाएं बरबस लोगो का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। इन प्रतिमाओं का जगह जगह भव्य स्वागत हुआ, इसी के साथ गुलाल की बरसात से पूरे नगर में होली जैसा माहौल बन गया। भगवान गणपति के देवा हो देवा गणपति देवा तुमसे बढकर कौन आदि भजनो की धुन पर मस्ती करती युवाओ की टोली हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। वहीं महिलाओ ने भी गुलाल व फूलो की बौछार करते हुए इस उत्सव का आनन्द लेने में कोई कसर नही छोडी। शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार अनंत चतुर्दशी के अवसर पर पुलिस एवं प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्थाओं के चलते श्री गणेश प्रतिमाएं सीधे विसर्जन स्थल श्री पठेश्वरी तालाब पहुंची, जहां पर भगवान गणपति के जयघोष के बीच विसर्जन किया गया। विसर्जन स्थल पर हजारो श्रद्धालुओ की भीड को नियंत्रित करने के लिये पुलिस को भी खासी मशक्कत करनी पडी। शोभायात्रा में तहसीलदार डॉक्टर अवंतिका तिवारी, थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार व अन्य पुलिसकर्मी निरन्तर निगरानी करते नजर आये।



## निषादराज प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम आयोजित

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** नगर के नवनिर्मित निषादराज पार्क मे स्थापित भगवान राम के परम भक्त निषादराज प्रतिमा की स्थापना एवं पूजन का कार्यक्रम मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री राहुल सिंह के द्वारा कराया गया। दोपहर 12 बजे पूजन विधिविधान एवं मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया पूजन पूर्ण होने के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान राहुल सिंह ने कहा भक्तभगवान निषादराज भगवान राम के प्रिय सखा थे। निषादराज ने भवसागर पार लगाने वाले भगवान को कठिन समय मे पथ एवं नदी पार कराने मे सहयोग किया था। साथ ही उन्होने यह भी कहा कि बल्देवगढ़ संभाग पहला स्थान है, जहाँ पर निषादराज की इतनी भव्य प्रतिमा बनकर तैयार हुई है। इस प्रतिमा का शीघ्र ही एक भव्य आयोजन करके लोकार्पण किया जायेगा। इस आयोजन मे प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि विश्वदीपक मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष संदीप पायक, सुरेन्द्र लोधी, नपा उपाध्यक्ष दयाराम कुशवाहा, सीएमओ अरविन्द तिवारी, पार्षद स्माइल अली, नारायणदास सोनी, आरती नायक, संध्या चौरसिया, सुखवती आदिवासी, नारायण कुशवाहा एवं नंदू चौरसिया, मनोज रैकवार, कल्लू रैकवार, दयाचंद राय, राजू रैकवार, जगदीश रैकवार, किशन रैकवार सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

## सार समाचार

### प्रभारी तहसीलदार तिवारी ने घाटों में विसर्जन की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**दमोह देशबन्धु।** जिले की तहसील हटा में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा विसर्जन हेतु प्रभारी तहसीलदार उमेश तिवारी ने पुलिस उपनिरीक्षक सौरभ शर्मा और पुलिस बल के साथ मोटर बोट से नदी के घाटों में प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नदी के घाटों पर छोटे-छोटे बच्चों को नदी के घाटों पर नही जाने देने के लिए तैनात पुलिस कर्मियों को हिदायत दी और लोगो से आग्रह किया कि वे अपने अपने बच्चों को नदी के घाटों पर लेकर न जाएं।

### भगत सिंह की जयंती पर निकाली तिरंगा यात्रा



**दमोह देशबन्धु।** शहीदे आज़म भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य पर जिला पंचायत सदस्य दृगपाल सिंह लोधी के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा तहसील ग्राउंड से शुरू होकर शहर के प्रमुखों मार्गों से होते हुई निकली, यात्रा का समापन तहसील ग्राउंड में ही किया गया। यात्रा का मुख्य आकर्षण रहे बाल कवि अनुज अंगार जिन्होंने देश के बड़े बड़े मंचों पर अपनी राष्ट्र भक्ति से ओत प्रोत कविताएं सुनाई है। उन्होंने भगत सिंह को समर्पित कविताएं तिरंगा यात्रा के शुरुआत मे ही सुनाई। यात्रा में बड़ी संख्या में युवा हाथो में तिरंगा लहराते हुए एवं इंकलाब जिंदाबाद का नारा लगाते हुए शहर के मुख्य मार्गों से गुजरे। यात्रा मे दीनदयाल पटेल, राहुल कुमार, आकाश यादव, रत्नेश अहिरवार, अमित शुक्ला, बलवान सिंह, भगत सिंह, दिनेश यादव, बेना आदिवासी, विक्रम सिंह, जगदीश सिंह, इमरोज, प्रेम सिंह, वीर पटेल, नीरज सिंह, रवि सिंह, अमर सिंह, सरदार सिंह सहित बड़ी संख्या में युवा सम्मलित हुए।

# वोटर सेल्फी प्वाइंट मतदाताओं को कर रहे जागरूक




**दमोह देशबन्धु।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन कार्यालय दमोह की स्वीप समिति द्वारा मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने हेतु प्रति दिवस जिले भर में विभिन्न गतिविधियां, प्रतियोगिता एवं कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से मतदाताओं को अनिवार्य रूप से अपने मत का उपयोग करने के लिए अपील की जा रही है।

यह समस्त कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम के मार्गदर्शन में सहायक स्वीप नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह डॉ. के. पी. अहिरवार द्वारा कराये जा रहे हैं। इसी क्रम में दमोह नगरीय क्षेत्र के अधिक आवागमन एवं लोगो के ठहराव वाले चिन्हांकित पांच स्थानों जिनमे कलेक्टर परिसर के बाहर, किल्लाई नाका में एसबीआई ए. टी. एम. के पास, स्टेशन परिसर के पास तथा ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं कमला नेहरू शासकीय महिला महाविद्यालय दमोह में सेल्फी प्वाइंट लगाये गये है। जिनके माध्यम से महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले नव मतदाता, छात्र-छात्राओं सहित अन्य विद्यार्थी, अधिकारी एवं कर्मचारी भी जागरूक हो सकेंगे। जिले में होने वाली इन समस्त गतिविधियों में स्वीप समिति के सदस्य एन. एस. एस. जिला संगठक डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी, सिद्धार्थ जाउरकर एवं सौरभ खरे निरंतर अपनी सक्रीय भूमिका निभा रहे हैं।

# बालिका छात्रावास में पुरूषो का डेरा, नहीं रहती महिला अधीक्षिका





**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिले में छात्रावासो का संचालन मनमाने ढंग से चल रहा है। छात्रावासो में पदस्थ अधीक्षिक तथा अधीक्षिका, मुख्यालय मे नही रहती है, छात्रावास चपरासियों, चौकीदारो या अन्य लोगो के हवाले करके अपने आलीशान घरो में आराम फरमाते हुए नजर आते है। जिले के विभाग के जिम्मेवार अधिकारी ही सिर्फ कमीशन खोरी में लगे रहते है। उन्हें निरीक्षण तथा कार्यवाही करने का समय नही है। इसी प्रकार का मामला बालिका छात्रावास ककरहटी का प्रकाश में आया है। जहां पर पदस्थ अधीक्षिका मीना बागरी छात्रावास में नही रहती है। उनके स्थान पर उनका लडका छात्रावास में देखा जाता है। जबकी छात्रावास अधीक्षिका सतना में अपने निवास पर रहती है। इस संबंध में स्थानीय लोगो ने अनेको बार शिकायते भी की है। इसके बावजूद कोई कार्यवाही नही की गई। इस प्रकार की लापरवाही से कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

## प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री पहुंचे नगर पालिका कर्मचारियों के बीच



**दमोह देशबन्धु।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर ट्रेड यूनियन के आवाह्न पर संपूर्ण मध्य प्रदेश में प्रदेश व्यापी सफाई कामगारों की 18 सूत्री मांगों के निराकरण की मांग को लेकर नगर पालिका दमोह के सामने धरने पर बैठे। सफाई कर्मचारियों के बीच प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पंडित मनु मिश्रा ने पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना तथा उनकी मांगों का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह से मांग की सफाई कर्मचारियों की मांगों पर अति शीघ्र विचार कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाए उन्होंने कर्मचारियों की 18 सूत्री मांगों जिनमें विशेष रूप से सफाई कामगारों को 2005 से पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, मध्य प्रदेश के समस्त नगर निगम और नगर पालिका में सफाई ठेका प्रथा समाप्त कर स्थाई भर्ती करने, सफाई कर्मचारियों द्वारा सेवा काल में कार्य करते हुए स्वयं से निवृत्ति देकर अपने परिवार के किसी सदस्य को सफाई कर्मचारी पर योग्यता अनुसार उसकी नियुक्ति की जावे।

मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रोफेशनल बोर्ड द्वारा भर्ती की जा रही है उसे समाप्त कर सफाई कर्मचारियों की सीधी भर्ती की जाए। इस दौरान मुलाकात में कांग्रेस महामंत्री मनु मिश्रा, किसान कांग्रेस अध्यक्ष नितिन मिश्रा, सिकंदर खरारे, जिला अध्यक्ष, राकेश धेचरे, रेखा करोसिया, सविता पारोचे, मनीष करोसिया, सुनील करोसिया, विनय करोसिया, जितेंद्र चौहान, लखन परोचे, प्रेम परोचें एवं समस्त सफाई मजदूर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पर्युषण महापर्व के दौरान "सीता जी की अग्नि परीक्षा" नामक नाटक का मंचन किया गया



**दमोह देशबन्धु।** पर्युषण महापर्व के दौरान कांच मंदिर दमोह में प्रतिदिन प्रात: काल संगीतमय पूजन अभिषेक, दोपहर में विधान, सायंकाल पंडित विक्रांत भैयाजी के द्वारा शास्त्र वचनका, आनंद जैन द्वारा संगीतमय आरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कांच मंदिर के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को देखने के लिया। सभी मंदिरों से श्रावकजन आते है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शहर से विद्वान, समाजसेवी एवं कलाकार मुख्यातिथि के लिए आमंत्रित किए जा रहे है। विगत दिन महिला परिषद इंद्राणी शाखा, कांच मंदिर दमोह के द्वारा "सीता जी की अग्नि परीक्षा" नामक नाटक का मंचन किया गया। इस अभूतपूर्व कार्यक्रम की तैयारी शाखा की बहनों द्वारा विगत एक महिने से अधिक समय से अभ्यास करके की गई। इस कार्यक्रम की उत्कृष्टता, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अजय टंडन विधायक दमोह ने अपने उद्बोधन में कही। श्री टंडन जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि अनेक मंचीय कार्यक्रम को देखने का अवसर मिला मगर इंद्राणी शाखा के इस नाटक में जितनी भावुकता से मंचन किया गया, वह दमोह स्तर से बहुत आगे का है।

देर रात तक चले इस नाटक "सीता जी की अग्नि परीक्षा" को प्रांतीय स्तर एवम राष्ट्रीय स्तर का कहते हुए मंडल के सभी सदस्यों के कुशल मंचन पर बहुत बहुत बधाईयां दी। कांच मंदिर के अध्यक्ष श्री सतीश जैन कल्लन भैया,महामंत्री सोनू नेताजी, सुधीर सिंघई, पदमचंद जैन, रूपचंद जैन, रतनचंद जैन द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रोत्साहन किया। इंद्राणी शाखा की अध्यक्ष श्रीमती सारिका जैन सहित शाखा की बहनों ने अतिथियों का स्वागत किया। अंत में शाखा अध्यक्ष ने सभी अतिथियों एवम कांच मंदिर पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कुशवाहा ने किया कई ग्रामों का भ्रमण, स्थानीय प्रत्याशी की उठी मांग



**पन्ना, देशबन्धु।** मप्र में विधानसभा चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज है। कांग्रेस, बीजेपी सहित तमाम पार्टियों में प्रत्याशियों के चयन और टिकट घोषित करने पर चर्चाएं चल रही है। इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने की उम्मीद है। नवंबर में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। इसको लेकर प्रमुख राजनीतिक पार्टियां अपनी तैयारियां में जुटी हुई हैं। पवई विधानसभा की बात करे तो कांग्रेस से स्थानीय प्रत्याशी को टिकट देने की मांग चल रही है। जिसमें पवई विधानसभा से रिटायर्ड एसडीओ जवाहरलाल कुशवाहा प्रबल दावेदार माने जा रहे है इससे पहले कमलनाथ ने टिकट वितरण को लेकर साफ कहा था कि इस चुनाव के लिए टिकट फॉर्मूला तैयार है। सर्वे एवं स्थानीय लोगों की राय के आधार पर टिकट तय किए जाएंगे।

स्थानीय प्रत्याशियों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। पवई विधानसभा में भी जोरो से क्षेत्रीयता की मांग चल रही है और श्री कुशवाहा पवई विधानसभा के सिमरा गांव के ही है। हमेशा ही अपने आम जनता के बीच साथ-साथ समाज सेवा में भी समर्पित रहते हैं, जिससे पार्टी के बड़े नेताओं में अच्छी पकड़ है, इन्हे पवई विधानसभा क्षेत्र मे सबसे सरल, योग्य तथा हसमुख, मिलनसार व्यक्तित्व के रूप मे जाना जा रहा।

पन्ना जिला की पवई विधानसभा में जवाहर लाल कुशवाहा को दिन प्रतिदिन लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। श्री कुशवाहा ने अनेक ग्रामों का भ्रमण किया जिसमे कुंवरपुर, मोहन्द्रा, रानीपुरा, दनवारा, चिखला, सिमरिया, गनियारी, रैकरा मैं जनसंपर्क किया जहां पर उन्हें भारी जन समर्थन मिला।

### केंद्रीय राज्य मंत्री पटेल आज आएगे दमोह, कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल



**दमोह देशबन्धु।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आज 29 सितम्बर को दमोह प्रवास पर रहेंगे एवं विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता निभायेंगे। राज्यमंत्री श्री पटेल प्रात: 8:10 बजे दमोह निवास से पथरिया रेलवे स्टेशन के लिए प्रस्थान करेंगे जहां 8:40 बजे पथरिया रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल में बंद हुई यात्री गाड़ियों के ठहराव प्रारंभ होने पर स्वागत करेंगे। प्रातरू 9रू30 बजे पथरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोतराई पहुंचकर मंडी निधि से स्वीकृत मार्गों और उन्नयनीकरण हेतु भूमि पूजन करेंगे तदोपरांत दमोह के लिए रवाना होंगे। केन्द्रीय राज्यमंत्री पटेल प्रात: 11:50 बजे दमोह निवास से स्थानीय घंटाघर पहुंचेंगे। जहां पर्युषण पर्व समापन के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा में सम्मिलित होंगे। दोपहर 12:30 बजे स्थानीय हनुमानगढ़ी मंदिर के समीप पहुचेंगे। जहां पुजारी पुरोहित राज्यमंत्री पटेल का तुलादान करेंगे। दोपहर 01 बजे राज्यमंत्री पटेल विभिन्न मंदिरों के पुजारियों और पुरोहितों का सम्मान सांसद निवास पर करेंगे तत्पश्चात समाज के पदाधिकारियों के साथ दोपहर का सहभोज भी करेंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री पटेल दोपहर 3:30 बजे अपने निवास से प्रस्थान कर अपरान्ह 4 बजे नोहटा पहुंचेंगे जहां जबेरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले घांघरी तिराहा नोहटा में रानी अवंती बाई की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

### लापरवाह रेंजर ने कराई सेवानिवृत्त कर्मचारी से एक पखवाडा नोकरी

**पन्ना, देशबन्धु।** आमनगंज वन परिक्षेत्र बफर टाईगर रिजर्व में पदस्थ रेन्जर गौरव नामदेव की लापरवाही के चलते एक कर्मचारी द्वारा लगभग एक पखवाडा तक सेवानिवृत्त होने के बाद नोकरी कराई गई। ज्ञात हो कि अमानगंज रेन्ज वन परिक्षेत्र मे पदस्थ रहें वनपाल के पद पर राम चन्द्र गौतम जो सर्किल तमगढ में पदस्थ थें। गत 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो गयें थें, लेकिन रेन्जर की लापरवाही के चलते संबंधित कर्मचारी को सेवानिवृत्त संबंधी सूचना नही दी गई। जिससे वह लगभग एक पखवाडा तक नौकरी करता रहा। यह विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की घोर लापरवाही है। एक पखवाडा बाद श्री गौतम को 6 सितम्बर की तारीख में पत्र जारी किया गया, तब कहीं वह अपनी नोकरी से अलग हुए। स्थानीय कर्मचारियो ने संबंधित रेंजर के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

### अपनी आत्मा में रमण करना ही उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म है : मुनि

**दमोह देशबन्धु।** पथरिया-विरागोदय धर्मधाम तीर्थ क्षेत्र मे दशलक्षण पर्व पर दसवें दिन उत्तम ब्रह्मचर्य व्रत का पालन किया गया। मुनि श्री विश्वनायक मुनि महाराज ने कहा कि अपनी आत्मा में रमण करना ही उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म है। मनुष्य द्वारा ग्रहस्थ जीवन में रहकर भी ब्रह्मचर्य का पालन किया जा सकता है। कमल मंदिर जी में दशलक्षण पर्व के अंतिम दिन प्रात: श्री जी का सामूहिक अभिषेक किया गया। मुनि श्री विश्व नायक मुनि महाराज ने कहा कि जो मनुष्य मन से राग छोड़कर अपने से छोटी स्त्री को पुत्रीवत, बराबर को बहिन की तरह और अपने से बड़ी को माता की तरह देखता है वह ब्रह्मचारी होता है। इसी के साथ मंदिर में गुरुवार को अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया गया और तीर्थंकर भगवान वासुपूजय जी की विशेष पूजा भी की गई। दोपहर को जैन समाज के श्रद्धालुओं ने चतुर्दशी का व्रत रखा और अनंत चतुर्दशी को भक्तामवर का 24 घंटा का पाठ किया गया।


## कार्यालय प्रमुख अभियंता
## जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल- ceproc.encwrd.bpl@nic.in फोन - 0755-2767635 फेक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना कमांक - 1029 /2023-24 / प्रमुख अभियंता / ई-टेंडरिंग / भोपाल, दिनांक 22.09.2023

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 10.10.2023 को 17.30 बजे तक क्रय / डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा । विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्रं. | निविदा क्रं. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 2023_WRD_306732 | टर्न की पद्धति पर:- देहरीपाल तालाब (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | शाजापुर | 449.18 |
| 2 | 2023_WRD_306949 | तवा बांयी तट मुख्य नहर चैन 3482.69 से 3486.84, 3489.14 से 3493.5 एवं 3540.25 से 3543.35 के मध्य पुरानी सी.सी. लाईनिंग की जगह नई सी.सी. लाईनिंग का कार्य। | हरदा | 59.29 |
| 3 | 2023_WRD_308089 | विशेष मरम्मत कार्य अन्तर्गत कोड़ार बांध की मुख्य एवं शाखा नहर की लाइनिंग कार्य। | सीधी | 30.44 |
| 4 | 2023_WRD_308136 | विशेष मरम्मत कार्य अन्तर्गत बकिया बांध की मुख्य नहर की लाइनिंग कार्य। | सीधी | 62.30 |
| 5 | 2023_WRD_308450 | जल विज्ञान प्रायोगशाला हथाईखेड़ा में हाउसकीपिंग एवं सुरक्षा का कार्य | भोपाल | 25.78 |
| 6 | 2023_WRD_308451 | चितानाला तालाब योजना में बांध पर मिट्टी कार्य नहर का लाइनिंग कार्य, कोलावा एवं अन्य स्ट्रेक्चर्स निर्माण एवं मरम्मत कार्य । | टीकमगढ़ | 63.30 |
| 7 | 2023_WRD_308072 | टर्न की पद्धति पर:- अग्नि-2 बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | खण्डवा | 350.33 |
| 8 | 2023_WRD_308074 | टर्न की पद्धति पर:- हापला-दीपला बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | खण्डवा | 290.50 |
| 9 | 2023_WRD_308079 | मुख्य अभियंता कार्यालय भवन, नर्मदापुरम तवा आयाकट के पुराने भवन का मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य। | नर्मदापुरम | 113.49 |
| 10 | 2023_WRD_308082 | टर्न की पद्धति पर:- मुडेरी जलाशय योजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | सागर | 441.50 |
| 11 | 2023_WRD_308084 | सीप कोलार लिंक परियोजना के अन्तर्गत पम्पिंग स्टेशन से 01 नं. तक 15 के. व्ही. नवीन सर्विस कनेक्शन का कार्य। | सीहोर | 22.79 |
| 12 | 2023_WRD_308085 | बरखेड़ा बांध 11 के.व्ही.एल.टी. लाईन एवं डी. टी. आर. स्थापना एवं शिफ्टींग कार्य। | धार | 42.69 |
| 13 | 2023_WRD_308088 | टर्न की पद्धति पर:- चांदकिया लघु सिंचाई जलाशय का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | नर्मदापुरम | 737.61 |
| 14 | 2023_WRD_308138 | कुरावर डी.सी. के अंतर्गत ग्राम बड़ोदिया तालाब, जमुनिया गणेश एवं जमुनिया जोहर पर पुनर्वास कॉलोनियों के विद्युतीकरण का कार्य । | राजगढ़ | 284.28 |
| 15 | 2023_WRD_308452 | पवई मध्यम सिंचाई परियोजना अन्तर्गत बांध के डाउनस्ट्रीम में रपटे का निर्माण एवं पहुंच मार्ग। | पन्ना | 179.06 |
| 16 | 2023_WRD_310824 | पवई मध्यम सिंचाई परियोजना अन्तर्गत ग्राम सारंगपुर से पवई बांध तक एपरोच रोड का निर्माण कार्य। | पन्ना | 197.95 |
| 17 | 2023_WRD_310829 | टर्न की पद्धति पर:- चनई जलाशय का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप, ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | बालाघाट | 635.18 |
| 18 | 2023_WRD_310831 | टर्न की पद्धति पर:- पुनवारा जलाशय का निर्माण कार्य, विस्तृत, स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | सिवनी | 306.29 |
| 19 | 2023_WRD_310832 | टर्न की पद्धति पर:- बुढेरा स्टॉप डेम कम कॉजवे का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | मुरैना | 431.81 |
| 20 | 2023_WRD_310834 | कान्याखेड़ी मध्यम सिंचाई परियोजना अन्तर्गत डूब प्रभावित ग्राम, केशोपुर के पुनर्वास हेतु मूलभूत सुविधाओं के निर्माण कार्य। | सीहोर | 830.57 |
| 21 | 2023_WRD_310839 | टर्न की पद्धति पर:- पैताड़नाला जलाशय का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | बालाघाट | 627.18 |
| 22 | 2023_WRD_310842 | टर्न की पद्धति पर:- मोरखा बैराज का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | बैतूल | 351.38 |
| 23 | 2023_WRD_310844 | टर्न की पद्धति पर:- कुण्डालिया बांध के डूब क्षेत्र से प्रभावित ग्राम शामगीघाटा के समीप बंड के साथ रोड का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं। | राजगढ़ | 113.01 |
| 24 | 2023_WRD_310846 | भितरी नहर प्रणाली के माईनर नहर का निर्माण, मरम्मत और रखरखाव के साथ नहर की आंतरिक संरचनाओं का विस्तार कार्य । | शहडोल | 254.60 |


जी-20521/23 मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)


# जश्ने ईद मिलादुन्नबी का निकला जुलूस



***दमोह देशबन्धु।*** *पैग़म्बर हज़रत मोहम्मद मुस्तफ़ा सल्लल्लाहो अलैहे वसल्लम के जन्मदिन दिवस जश्ने ईद मिलादुन्नबी 28 सितंबर दिन गुरुवार को सारे देश और दुनियां के साथ दमोह नगर में भी प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शानों शौक़त से मनाया गया और एक विशाल जुलूस स्थानीय मुर्शिद बाबा मैदान से सुबह 7 बजे फ़र्चं कुशाई के साथ शुरू हुआ । जो शहर के मुख्य मार्गों से निकला जगह जगह जुलूस का स्वागत हुआ । इम्तियाज़ चिश्ती ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया जुलूस गड़ी मोहल्ले से निकलकर पठानी मोहल्ला महाकाली चौक के रास्ते नया बाजार गाड़ी खाना पहुँचा। जहां जुलूस ने एक बड़ा विशाल रूप ले लिया जहाँ नया बाजार गाड़ी खाने के लोगों की ओर से इस्तकबाल का किया गया। इस दौरान शायर कलीम दानिश साहब ने सभी जुलूस में शामिल लोगों का स्वागत संचालन के जरिये किया और सभी का स्वागत किया। जुलूस घण्टाघर पर पहुँचा दमोह विधायक अजय टण्डन मनु मिश्रा , जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बजाज नितिन मिश्रा अनुनय श्रीवास्तव भगवान दास चौधरी तेजीराम रोहित अनुपम सोनी कैलाश शेलार सहित अनेक लोगों ने जुलूसे मोहम्मदी का स्वागत किया और कौमी एकता की अनूठी मिसाल देखने मिली सुबह से शुरू हुए जुलूस दोपहर 1 बजे करीब वापस मुर्शिद बाबा मैदान पहुँचा। जहाँ समापन अवसर पर बड़ी एक कॉन्फ़्रेंस आयोजित हुई जिसमें मौलानाओं और शायरों ने नातिया कलाम और मौलाना साहब ने तक़रीर कार्यक्रम पेश किया। शायर ताबिश नैयर शफ़्क़ भोपाली ने नातिया कलाम पढ़े, मौलाना तहसीन रज़ा ने अपनी तक़रीर में पैगंबर साहब के बताए रास्तों पर चलने की बात कहते हुए कहा कि भले ही सरकारे आज नारा देतीं है कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ लेकिन हमारे सरकार ने तो 14 सौ साल पहले ये ऐलान किया था कि बेटी बचाओ जन्नत पाओ इसी तरह हाफ़िज़ मुनव्वर रज़ा साहब ने भी बेहतरीन बयान फ़रमाया कार्यक्रम का संचालन मौलाना इरफ़ान नूरी साहब ने किया इस अवसर पर सामुहिक दुआ में सारे मुल्क में अमन चौन की दुआएं की गई फ़ातिहा बाद अहले कुरैश मण्डी की ओर से लंगर बाटा गया कमेटी के अध्यक्ष आरिफ छिद्दन मिस्त्री सेकेट्री अबरार चिश्ती , मतीन एल आई सी आदिल ठेकेदार सहित समस्त कमेटी ने जिला प्रशासन पुलिस प्रशासन के सहयोग का आभार माना. ।*

देशबन्धु







## रिद्धी-सिद्धी के दाता भगवान श्री गणेश को दी श्रद्धा पूर्वक विदाई

**सागर, देशबन्धु।** श्री अंतत चर्तुदशी व पर्यषण पर्व पर गुरुवार को शहर व ग्रामीण अंचलो में माहौल धर्म मय हो गया। सुबह से ही श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन का सिलसिला शोभा यात्राओं के साथ शुरु हो गया था। इसके साथ ही जैन धर्म के जिनालयों से श्री जी की शोभा यात्राएं निकाली गईं। विसर्जन स्थलों लहदरा नाका स्थित बड़ी नदी, मैहर, राजघाट बांध, सुरखी आदि पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए लोगों ने चार पहिया वाहन, ट्रेक्टर, ट्रक के साथ ही मोटर साईकिल का भी उपयोग किया। चल समारोह में श्रद्धालु जय श्री गणेश, अगले बरस तू जल्दी आ के उद्घोष के साथ चल रहे थे। बेंड बाजों के साथ ही डीजे का भी उपयोग गया। विसर्जन में बच्चों की भागीदारी भी उत्साह पूर्वक देखी गई। इसके अलावा लोगों ने घरों में भी छत या आंगन में भी बड़े बर्तनों में पूरी श्रद्धा के साथ घर में बिराजे मंगलमूर्ती की छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

**कोई कार, मोटर साइकिल तो कोई पालकी में विसर्जन स्थल ले गये प्रतिमाएं**

## सार-समाचार

### कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया



**गौरझामर, देशबन्धु।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अनंत चतुर्दशी को गौरझामर मे निकली विशाल भव्य व ऐतिहासिक जन आक्रोश यात्रा जो टू व्हीलर, फोर व्हीलर वाहनो पर कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेसी ध्वज तिंरगा लेकर जोश के साथ नारे लगाते हुए यात्रा में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर श्री हनुमान चौराहा गौरझामर में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसमें देवरी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी और वर्तमान विधायक हर्ष यादव और प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद अहिरवार आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर जन आक्रोश यात्रा में सम्मिलित अरुण यादव, विधायक हर्ष यादव ,आनंद अहिरवार का मेन रोड पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जनपद सदस्य पवन सिंह लोधी, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राहुल खटीक, विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र भाटिया, मोहम्मद इकबाल खान, राजा बाबू ठाकुर, धर्मेंद्र लखेरा, प्रिंस शर्मा, विनीत शर्मा आदि कार्यकर्ताओं ने पुष्प हार व पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया।

### आरती नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन 2 अक्टूबर को कटरा में

**सागर, देशबन्धु।** क्षुल्लक गणेश प्रसाद वर्णी जी महाराज की 150 वी जन्म जयंती के उपलक्ष्य में जैन भ्रात संघ सागर के तत्वाधान में 2 अक्टूबर सोमवार को रात्रि 9 बजे से विराट आरती नृत्य और गायन प्रतियोगिता का आयोजन कटरा नमक मंडी स्थित गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में किया जा रहा है। प्रबंधकारिणी कमेटी के मंत्री अशोक शाह ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन, नेवी जैन और अध्यक्षता प्रदीप कुमार जैन खाद करेगे। उद्घाटनकर्ता प्रदीप रांधेलिया होगे। छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और अनावरणकर्ता मुकेश जैन ढाना, कपिल मलेया, प्रकाश चंद जैन, सुभाष खाद, डॉ. राजेश जैन आदि होगे। इस अवसर पर डॉ. पं. पन्नालाल जैन साहित्याचार्य की स्मृति में मेधावी छात्र सम्मान किया जाएगा। साथ ही गौराबाई दिगंबर जैन मंदिर महिला मंडल द्वारा दशलक्षण पर्व पर आयोजित प्रतियोगिता के 30 लकी विजताओ का ड्रा के माध्यम से पुरस्कृत किया जाएगा। जैन भ्रात संघ के द्वारा पिछले 42 वर्ष से वर्णी जयंती पर आरती नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। निर्णायक मंडल के निर्णय पर प्रथम पुरस्कार के रूप में रनिंग शील्ड प्रदान की जा जावेगी। साथ ही द्वितीय, तृतीय शील्ड के अलावा सांत्वना पुरस्कार के प्रदान किये जावेगे। पर्वराज पर्युषण महापर्व के सानंद समापन पर जैन भ्रात संघ द्वारा 8 अक्टूबर रविवार को दोपहर में क्षमापना समारोह का आयोजन भी किया जा रहा है।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स मे 9 खेलों में बालक वर्ग में हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** खेल परिसर में आयोजित होने वाले चार दिवसीय संभाग स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस खेल परिसर में बालक वर्ग में 9 खेलों खो-खो, व्हालीबॉल, कबड्डी, योगासन, तैराकी, शतरंज, एथलेटिक्स, कुश्ती, बैडमिंटन की लीग प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें लगभग 450 खिलाड़ियां ने सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन में विधायक शैलेन्द्र जैन, दमोह जिले के जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी शैफउल्ला खान, जिला योगासन के सचिव भगत सिंह ठाकुर, जिला कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष नरेन्द्र सोनी आदि उपस्थित थे। जिनका स्वागत जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप अबिद्रा एवं सागर संभाग के समस्त जिलों से आये दल मैनेजरों द्वारा भी अतिथियां का स्वागत किया गया। प्रदीप अबिद्रा ने अतिथियों को खेलों एमपी यूथ गेम्स के बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि प्रतियोगिता में आये सभी खिलाड़ियों का सागर में स्वागत है, आप निरंतर खेलते रहे ताकि शरीर स्वस्थ्य रहे और खेलों के माध्यम से आप उंचाईयों को भी पा सकते है। सभी खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु बधाई दी।

## 18 साल से प्रदेश में सरकार आपकी, देश में सरकार आपकी, जिले में सरकार आपकी और 15 महीने हिसाब हमसे मांगा जा रहा : अरुण यादव



**देवरीकलां, देशबन्धु।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव ने जन आक्रोश रैली निकालकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह और उनकी 18 साल की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। निकम्मी और भ्रष्टाचारी सरकार बताते हुए कहा कि अब भाजपा को आशीर्वाद देने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस की जन आक्रोश रैली देवरी विधानसभा क्षेत्र में पहुंची जहां प्रवेश पर रानगिर चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद रैली में अरुण यादव, विधायक हर्ष यादव ने गौरझामर में आयोजित जनसभा में भाजपा सरकार पर जमकर जन आक्रोश व्यक्त किया। रैली देवरी पहुंची जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर स्वागत किया। इसके बाद जनसभा को संबोधित करने के बाद रैली सहजपुर होते हुए केसली पहुंची जहां कार्यकर्ताओं ने जमकर स्वागत किया। देवरी के बस स्टैंड पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अरुण यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के नुमाइंदे 18 साल सत्तासीन रहने के बाद कांग्रेस की 15 महीना की सरकार से जवाब सवाल जवाब कर रहे हैं। यह तो ऐसा हो गया, उल्टा चोर कोतवाल को डांटे। प्रदेश की सरकार आपकी, देश की सरकार आपकी, जिले की सरकार आपकी और 15 महिने हिसाब हमसे मांगा जा रहे है। कमलनाथ के नेतृत्व में 7000 करोड़ रुपए बुंदेलखंड पैकेज में दिलाया गया था कि गांव-गांव में खेतों खेतों में पानी पहुंचे लेकिन भाजपा के विधायक और सांसदों के लिए जेबो में सारा पैसा चला गया। विधायक हर्ष यादव ने कहां की रेलवे लाइन से ही देवरी क्षेत्र का विकास संभव होगा। जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी और कमलनाथ मंत्री थे तब उनसे रेलवे लाइन की मांग की थी, लेकिन दुर्भाग्य है कि केंद्र में भाजपा की सरकार है और भाजपा रेल लाइन मंजूर नहीं करना चाहती है। देवरी क्षेत्र के साथ वर्तमान सरकार द्वारा किए जा रहे भेदभाव एवं विकास कार्यो को रोकने को लेकर जमकर नाराजगी व्यक्त की, उन्होने कहा कि वर्तमान सरकार गरीबो, किसानो, बेरोजगारों एवं महिलाओं के साथ किए जा रहे छल को उजाकर किया। इस अवसर पर मप्र सहप्रभारी सीपी मित्तल, लोकसभा प्रभारी कमलकांत शर्मा, जिला प्रभारी अवनीश भार्गव, जिला अध्यक्ष डॉ. आनंद अहिरवार, पूर्व मंत्री प्रभुसिंह, जिला प्रवक्ता संदीप सबलोक आदि सहित सैकडो कार्यकर्ता शामिल रहें।

### जन आक्रोश यात्रा से लौट रहे कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत

**सागर, देशबन्धु।** रहली में कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा में शामिल होकर घर लौट रहे कांग्रेस कार्यकर्ता की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटनाक्रम की सूचना मिलते ही पीडब्ल्यूडी मंत्री गोपाल भार्गव के बेटे व भाजपा नेता अभिषेक भार्गव अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिवार वालों से मिले। उन्हें ढांढस बंधवाया। जानकारी के अनुसार कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा सागर जिले की विधानसभा में घूम रही है। बुधवार रात यात्रा रहली विधानसभा में पहुंची। जहां रहली में आम सभा का आयोजन किया गया। यात्रा में शामिल होने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ता गोविंद सिंह ठाकुर निवासी बमूरा रहली पहुंचे थे। रहली में सभा होने के बाद वह रात के समय बाइक पर सवार होकर सागर की ओर आ रहे थे। पांच मील के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी बाइक की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि गोविंद बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरे। जिससे वह गंभीर घायल हुए। लोगों ने घटना देख तत्काल घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने चेकअप के बाद गोविंद को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मृतक के परिवार वाले पहुंच गए। मामले में पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर गुरुवार को पोस्टमार्टम कराया। पीएम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## रहली विधानसभा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक से लेस डे और नाईट विजन कैमरा लगाए जा रहे



**गढ़ाकोटा, देशबन्धु।** लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव की पहल पर रहली विधानसभा क्षेत्र के नगर गढ़ाकोटा, रहली और शाहपुर शहर में सभी एंट्री पॉइंट और चौराहो पर 150 हाई रेसोलुशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से लेस डे और नाईट विजन कैमरा लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही एक 360 डिग्री घूमने वाला पीटीजेड कैमरा गढ़ाकोटा और रहली के बस स्टेंड पर लगाया जा रहा हैं, जिसको कंट्रोल रूम में बैठकर कंट्रोल कर किसी भी दिशा में घुमा सकते है। कंट्रोल रूम में हमेशा पूरे शहर की मॉनिटरिंग होती रहेगी। साथ ही इन कैमरों का सीधा प्रसारण 8 फुट बाई 12 फुट साइज की विशाल स्क्रीन पर गढ़ाकोटा और शाहपुर नगर में बस स्टेंड पर तथा रहली में राजीव मंच और अटल सेतु पर लगातार चलता रहेगा।

बिजली चले जाने पर भी यह कैमरा एक घंटे तक काम करते रहेंगे और कंट्रोल रूम में 6 घंटे तक बिजली चले जाने पर सिस्टम काम करता रहेगा। जिस प्रकार के हाईटेक कैमरों का प्रयोग किया जा रहा हैं ऐसे कैमरा सागर और भोपाल में भी नहीं लगे है। इन कैमरो के माध्यम से हम हर आने जाने वाली गाड़ी पर नजर रख सकते हैं और उनके नंबर रिकॉर्ड कर सकते हैं। यहां तक की इन कैमरा के लिए हुए फीड अर्थात रिकॉर्डिंग के माध्यम से यह भी ढूंढ सकते हैं की कोन सी गाड़ी शहर में किस समय आयी और गयी। यह कैमरे आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस सिस्टम के साथ कनेक्टेड हैं, इसकी मदद से कंट्रोल रूम में इसके सॉफ्टवेयर को कोई शकल दिखा देंगे और यह सिस्टम हमे यह ढूंढने में मदद करेगा की वो व्यक्ति शहर में अभी कहा हैं और कहा कहा गया था वो भी सिर्फ 5 मिनट के अंदर। निकट भविष्य में हम कंट्रोल रूम में बैठकर पुरे शहर में अनाउंसमेंट कर सकेंगे। उसके लिए भी कैमरों के साथ पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम का प्रावधान किया गया है। चोरियां, लूट, मारपीट, हत्या सहित अन्य अपराधों की रोकथाम के लिए यह आधुनिक सिस्टम बेहद मददगार होगा।

## सागर विधानसभा चुनाव संचालन टोली की बैठक संपन्न

### जिला प्रभारी कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक ने की समीक्षा



**सागर, देशबन्धु।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव कि दृष्टि से उत्तरप्रदेश के कन्नौज से सांसद सुब्रत पाठक को सागर जिला प्रभारी बनाया गया है। जिसके बाद कल रात्रि को सांसद सुब्रत पाठक सागर पहुंचे। सागर प्रवास के दौरान गुरुवार को सांसद सुब्रत पाठक ने विश्राम गृह में सागर विधानसभा चुनाव संचालन टोली की बैठक में शामिल हुए बैठक में विधायक शैलेंद्र जैन, विधानसभा संयोजक रामकुमार साहू, सह संयोजक बंटी शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहें। बैठक में सांसद सुब्रत पाठक ने विधानसभा क्षेत्र की परिस्थितियों पर बिंदूवार चर्चा कर संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की साथ ही सांसद सुब्रत पाठक ने टोली सदस्यों के साथ वन टू वन चर्चा की। इसके पूर्व सांसद सुब्रत पाठक बंडा विधानसभा की चुनाव संचालन टोली की बैठक में शामिल हुए। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया कि शुक्रवार को प्रभारी सांसद सुब्रत पाठक देवरी, नरयावली की चुनाव संचालन टोली की बैठक में शामिल होंगे। बैठक में शैलेश केशवानी, सुशील तिवारी, श्याम तिवारी, जगन्नाथ गुरैया, विक्रम सोनी, मनीष चौबे आदि उपस्थित रहें।

## 12 साल से बीमार बच्ची, इलाज सिर्फ 1 रुपए की गोली

**सागर, देशबन्धु।** 12 साल की बच्ची सिर्फ 10 किलो की जैसे ही ये बात मेडिकल कॉलेज सागर के बच्चो के डॉ. अंकित जैन को सोशल मीडिया के माध्यम पता चली, वो अगले ही दिन बच्ची का इलाज करनें सागर से लगभग 30 कि.मी. दूर ग्राम पिपरई ढाना पहुंचे। माता-पिता से बात करनें पर पता लगा कि बच्ची का विकास 12 साल से रुका हुआ है एवं बच्ची ना ही तो कुछ बोल पा रही थी, ना ही बोला हुआ कुछ भी समझ पा रही थी। बच्ची का स्वास्थ्य परीक्षण करनें के उपरांत डॉ. जैन नें पाया कि बच्ची को संभवता थाइरोइड होर्मोन की कमी बचपन से रही होगी। डॉ. जैन बच्ची को तत्काल ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाए एवं बच्ची की समस्त जांचें नि: शुल्क कराई एवं जैसा सोचा था वैसा ही पाया थाइरोइड होर्मोन की कमी। थाइरोइड होर्मोन की कमी का इलाज तत्काल ही चालू किया। बच्ची की बीमारी की दवा सिर्फ 1 रुपए की गोली है। इलाज के बाद आज बच्ची की मानसिक एवं शारीरिक हालात में सुधार हो रहा है, 12 साल से रुकी हुई जिन्दगी वापिस शुरू होनें की कीमत सिर्फ 1 रूपए। विदित है कि डॉ. अंकित जैन प्रतिदिन आंगनबाडी पर जा कर बच्चों का नि: शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे है एवं बच्चों का नि: शुल्क इलाज भी कर रहे हैं। बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति आज समाज के हर व्यक्ति का संवेदनशील होना अति आवश्यक है।

**इलाज के बाद बच्ची की मानसिक एवं शारीरिक हालात में हो रहा सुधार**

## स्काउट गाइड द्वारा बिना बर्तन के भोजन बनाया



**सागर, देशबन्धु।** भारत स्काउट एवं गाइड का संभाग स्तरीय तृतीय सोपान एवं निपुण जांच शिविर का आयोजन 29 सितंबर तक ब्राइट कैरियर स्पेशल अकादमी मकरोनिया में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम एवं तृतीय दिवस में स्काउट के ध्वज शिष्टाचार, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत अन्य विषयों का टेस्ट। तृतीय दिवस में हाइक का आयोजन हनुमान मंदिर बटालियन में किया गया। जिसमें खोज के चिन्ह, कम्पास, दिशा ज्ञान, बिना बर्तन के भोजन बनाना सीखा एवं कुकिंग दक्षता बैज का टेस्ट लिया गया। हाइक में स्काउट गाइड बच्चों द्वारा खोज के चिन्ह को खोजते हुए स्थल पर पहुंचे। संचालक ब्राइट कैरियर सीएस आनंद, गौरीशंकर शर्मा द्वारा द्वारा स्काउट सत्यम सिंह लोधी, राज्यपाल अवार्ड प्रमाण पत्र एवं अनुज कुर्मी तृतीय सोपान प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। शिविर का संचालन कंचन सिंह और गौरी शंकर शर्मा द्वारा किया जा रहा। संचालक मंडल में आलोक गुप्ता, चंद्रभान लोधी, गणेश चढ़ार, मनोज जैन, लाल सिंह चढ़ार, रश्मि दुबे आदि द्वारा सहयोग किया जा रहा है। इस शिविर में सागर, दमोह, टीकमगढ़ के स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर लगभग 70 प्रतिभागी एवं स्टॉफ द्वारा प्रतिभागिता की जा रही।



**सागर, देशबन्धु।** युवा कांग्रेस नेता चैतन्यकृष्ण पाण्डेय ने कांग्रेस राष्ट्र महासचिव प्रभारी मप्र रणदीप सिंह सुरजेवाला का हैलीपैड सुरखी में स्वागत किया तथा सुरखी आमसभा में शामिल हुए।

## मनी गुरोंन ने पटवारियों को सौंपी दो लाख रु की राशि



**सागर, देशबन्धु।** वेतन विसंगति को लेकर करीब एक माह से पटवारी हड़ताल पर हैं गुरुवार को जनसेवक मनी सिंह गुरोंन हड़ताल कर रहे पटवारियो से मिले और उनसे चर्चा कर पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष को दो लाख रु की राशि का चेक भेंट किया साथ ही मनी सिंग ने शासन से मांग की है की जल्द से जल्द इन पटवारियों की मांगों का निराकरण किया जाए ताकि ये लोग अपने काम पर वापस आ सके, आपको बता दें कि इससे पहले भी हाल ही में जनसेवक मनी सिंह गुरोंन ने गरीब कन्याओं के विवाह के लिए 11 लाख रुपए की राशि का भी चेक समिति को भेंट किया था।

## समूचे प्रदेश में भाजपा के मंत्री, विधायक, कार्यकर्ता लूट में लगे हुए हैं : अरुण यादव

### ऐतिहासिक विरासत सागर तालाब को पूर्ण रूप से नष्ट किए जाने का काम यहां किया जा रहा है



**सागर, देशबन्धु।** पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा मप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव ने सागर में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव तथा प्रदेश के सह प्रभारी सीपी मित्तल भी मौजूद रहे। कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही बुंदेलखंड जन आक्रोश यात्रा के नायक अरुण यादव दमोह, छतरपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़ जिला से होकर बुधवार की देर रात सागर पहुंचे थे। स्थानीय सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुये अरुण यादव ने कहा कि बुंदेलखंड अंचल के पांच जिलों से होकर यहां पहुंचने पर यह साफ तौर पर देखने आया है कि 18 साल के कुशासन वाली भय भ्रष्टाचार की भाजपा सरकार के खिलाफ जनता में भयंकर आक्रोश है। भाजपा द्वारा निकाली गई अवसरवाद यात्रा में जनता ने अपना आशीर्वाद देने में जिस तरह की बेरुखी और जन आक्रोश यात्रा को भारी जन समर्थन दिखाया है उससे यह साफ है की मप्र में कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने वाली है। महाकाल की नगरी उज्जैन में अबोध बालिका के साथ दुष्कृत्य की शर्मनाक खबर सुर्खियों में बनी हुई है। जो पूरे देश में हमारे प्रदेश को कलंकित और शर्मसार करने वाली है। यह स्थिति पूरे प्रदेश में बेटियों और महिलाओं की है। इस घटना से सहज अंदाज लगाया जा सकता है कि प्रदेश में महिलाएं एवं बेटियां कितनी असुरक्षित है। अरुण यादव ने आरोप लगाया कि समूचे प्रदेश में भाजपा के मंत्री विधायक कार्यकर्ता लूट में लगे हुए है रेत, रोड़ कंस्ट्रक्शन विधायक निधि तक में 50 प्रतिशत तक कमीशन लिया जा रहा है। अरुण यादव ने सागर के ऐतिहासिक तालाब की दुर्दशा पर दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि सागर का तालाब एक समय सागर की शान रही है। इस ऐतिहासिक विरासत को भी पूर्ण रूप से नष्ट किए जाने का काम यहां किया जा रहा है। स्मार्ट सिटी के लिए 1600 करोड़ रुपये आया था, बुंदेलखंड के विशेष पैकेज 7 हजार 200 करोड़ रुपये आया था लेकिन भाजपा के मंत्रियों, विधायको और भ्रष्ट अधिकारियों ने इन पैसों का बंदरबांट किया। उन्होंने बुंदेलखंड पैकेज में हुए भ्रष्टाचार पर आगे कहा कि पन्ना में 100-100 करोड़ रुपये के बांध बनाये थे वो पहली ही बारिश में बह गए, वेयरहाउस व नहरें, सड़कें बनना थी मगर उसमें भी पैसे की बर्बादी और भ्रष्टाचार किया गया है। टिकट वितरण को लेकर पत्रकारों द्वारा किए गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि टिकट को लेकर प्रोसेस जारी है, कांग्रेस की पहली सूची 5 -10 अक्टूबर के बीच आएगी। राष्ट्रीय सचिव सीपी मित्तल ने कहा कि प्रदेश में आज जो माहौल है उसे देखकर उन्हें दृढ़ विश्वास है कि मप्र में कांग्रेस की सरकार बनेगी और प्रबल बहुमत से बनेगी। पत्रकार वार्ता में उपस्थित मीडिया मित्रों का आभार बुंदेलखंड यात्रा के मीडिया प्रभारी डॉ. संदीप सबलोक व अभिषेक गौर ने किया। पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. आनंद अहिरवार व राजकुमार पचौरी, यात्रा के सह प्रभारी गुड्डू राजा बुंदेला, प्रभु सिंह ठाकुर, सुरेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक सुनील जैन, पूर्व जिला शहर अध्यक्ष रेखा चौधरी, एआईसीसी डेलीगेट भूपेंद्र सिंह मुहासा भी मौजूद रहे।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।